संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -209 गुरूवार ,01 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पीएफआई-फुलवारी शरीफ केस में बड़ी कार्रवाई

## देशभर में 25 जगह पर एनआईए की रेड

**नईदिल्ली,31मई 2023(ए)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आज तड़के प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के लोगों पर बड़े पैमाने की छापेमारी शुरू की है। सूत्रों के मुताबिक कर्नाटक, केरल और बिहार में 25 जगह एनआईए ने छापे मारे हैं। ये छापे बिहार के फुलवारी शरीफ केस के सिलसिले में एनआईए ने मारे हैं।

पीएफआई से जुड़े केस में एनआईए की कर्नाटक में 16 जगहों पर छापेमारी जारी है, जिसमें दक्षिण कन्नड़ के कुछ जिले शामिल हैं। वहीं, बिहार के कटिहार में हसनगंज थाना क्षेत्र के युसूफ टोला में पीएफआई नेता मोहम्मद नदवी के रिश्तेदार के यहां एनआईए की टीम पहुंची है। इससे पहले भी हाल के दिनों में एनआईए टीम छापेमारी कर चुकी हैं।

हाल ही में, इस केस को लेकर छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था और तलाशी के दौरान इनके पास पीएफआई से संबंधित कई आपत्तिजनक लेख और दस्तावेज जब्त किए गए थे। यहं मामला पिछले साल 12 जुलाई को बिहार में पटना जिले के फुलवारीशरीफ पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था और पिछले साल 22 जुलाई को एनआईए द्वारा फिर से इस केस पंजीकृत किया गया था।




अभी तक की एनआईए तफ्तीश के मुताबिक फुलवारी शरीफ मामला पीएफआई से जुड़े आरोपियों, संदिग्ध व्यक्तियों की गैरकानूनी व देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता से जुड़ा है, जो पटना के फुलवारीशरीफ इलाके में इकट्ठा हुए थे।

इस साल 4-5 फरवरी को, एनआईए ने बिहार के मोतिहारी में आठ स्थानों पर भी तलाशी ली थी और दो लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन्होंने हत्या को अंजाम देने के लिए हथियार और गोला-बारूद की व्यवस्था की थी। गिरफ्तार लोगों की पहचान तनवीर रजा उर्फ बरकती और मोहम्मद आबिद उर्फ आर्यन के रूप में हुई। एनआईए ने तब कहा था कि एक लक्ष्य को अंजाम देने के लिए पहले ही रेकी की जा चुकी थी और हथियार एवं गोला-बारूद पीएफआई ट्रेनर याकूब को सौंप दिए गए थे, जो पीएफआई कैडरों के लिए ट्रेनिंग सेशन चला रहे थे।

केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ समर्थन के लिए

# केजरीवाल मिलेंगे स्टालिन और सोरेन से



**नईदिल्ली,31 मई 2023 (ए)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि वह सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ समर्थन मांगने के लिए तमिलनाडु और झारखंड के सीएम से मिलेंगे। केजरीवाल ने दो ट्वीट कर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि वह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन से 1 जून को और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से 2 जून को मुलाकात करेंगे।

पहले ट्वीट में कहा गया, केंद्र के असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक दिल्ली विरोधी अध्यादेश के खिलाफ डीएमके का समर्थन लेने के लिए कल (1 जून) चेन्नई में तमिलनाडु के सीएम थिरु एमके स्टालिन से मुलाकात करेंगे।

बाद में, केजरीवाल ने संकेत दिया कि वह देश भर के मुख्यमंत्रियों से समर्थन मांग रहे हैं और उनसे मिलने की योजना है।

उन्होंने दूसरे ट्वीट में कहा, 2 जून को मैं रांची में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलूंगा। मैं मोदी सरकार द्वारा पारित अध्यादेश के खिलाफ उनका समर्थन मांगूंगा, जो दिल्ली के लोगों के हितों के खिलाफ है।

# पीएम मोदी अपने दोस्तों को बेच रहे देश की संपत्ति

**नईदिल्ली,31मई 2023 (ए)।** केंद्र में भाजपा ने अपने नौ साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस मौके पर भाजपा जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर रही है। वहीं, कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार देश की संपत्ति अपने दोस्तों को बेच रहे हैं। खड़गे ने कहा देश की संपत्ति को अपने मित्रों को बेचना सबसे बड़ा राष्ट विरोधी अधिनियम है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार द्वारा अपने दोस्तों को देश की संपत्ति और सार्वजनिक उपक्रमों की 'आगमन बिक्री' सबसे बड़ा 'राष्ट-विरोधी' अधिनियम है।



उन्होंने कहा कि सरकार लोगों से रोजगार छीन रही है। यह आरक्षण के रूप में भारत के गरीबों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से रोजगार के अवसर छीन रही है।

# विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना को दी मंजूरी

» **हर ब्लॉक में बनेगा 2000 टन भंडारण क्षमता का गोडाउन**

**नईदिल्ली,31मई 2023 (ए)।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि बुधवार को कैबिनेट बैठक में सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के अनुमति अनुमोदन पर आज निर्णय लिया गया है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार (31 मई) को एक बैठक में अन्न भंडारण योजना को मंजूरी दी है। बैठक में सहकारी क्षेत्र में अनाज भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसके बारे में जानकारी दी है। अनुराग ठाकुर ने बताया कि आज कैबिनेट बैठक में सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के अनुमति अनुमोदन पर फैसला लिया है।




### एक लाख करोड़ की लागत आएगी सरकार

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि हम करीब 1 लाख करोड़ रुपए की लागत से दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना शुरू करने जा रहे है। उन्होंने कहा कि अभी तक कुल 1450 लाख टन भंडारण की क्षमता है और अब 700 लाख टन भंडारण की क्षमता सहकारिता क्षेत्र में शुरू होगी। इसके बाद कुल क्षमता 2150 लाख टन हो जाएगी।

### अभी केवल 47 फीसदी भंडारण की क्षमता

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया में सभी बड़े उत्पादक देशों जैसे चीन, अमेरिका, ब्राजील, रूस, अर्जेंटिना आदि के पास अपने वार्षिक उत्पादन से अधिक की भंडारण क्षमता उपलब्ध है। अब तक भारत में अन्न के भंडारण की क्षमता, वार्षिक उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत है। ऐसे में बड़े स्तर पर अनाज की बर्बादी होती है। देश के किसान मजबूरी में डिस्ट्रेस सेल करते है।

### अब हर ब्लॉक में होगा 2000 टन भंडारण क्षमता

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप सहकारी समितियों को गतिशील बनाने के लिए कई क़दम उठाए गए। हर ब्लॉक में 2000 टन भंडारण क्षमता का गोडाउन तैयार किया जएगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत विश्व में अनाज के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है।

# सड़क दुर्घटना में 5 युवकों की मौत,महिला गंभीर




**हांसी,31मई 2023 (ए)।** हांसी में दिल्ली रोड पर ट्रक और क्रूजर गाड़ी की टक्कर होने से बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में 5 लोगो की मौत हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल है। घायल महिला को गंभीर हालत में हांसी के नागरिक अस्पताल में लाया गया। मृतकों में तीन लोगों की पहचान संदीप, प्रवीण और प्रदीप के रूप में हुई है जोकि पास के खरकड़ा गांव के रहने वाले हैं। डॉक्टरों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हिसार रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्रूजर गांव खरकड़ा से चली थी और वहां से सवारियों के तौर पर बाकी लोग क्रूजर में बैठ गए जैसे ही क्रूजर गाड़ी नेशनल हाईवे पर गांव अलीपुरा के पास पहुंची तो हाईवे पर खड़े एक ट्रक से क्रूजर गाड़ी की टक्कर हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।



# पुंछ में एलओसी पर घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम,तीन आतंकी पकड़े गए

**जम्मू,31मई 2023 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को सतर्क सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। साथ ही सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को पकड़ा है। लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने एक बयान में कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ भारतीय सेना के एक संयुक्त अभियान में, संभावित रूप से 3-4 आतंकवादियों को 30/31 मई 2023 की रात को सीमा पार करने का प्रयास करते हुए पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर रोक दिया गया। वे सभी खराब मौसम और भारी बारिश का फायदा उठा कर भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाले थे।

आज लगभग 1.30 बजे भारतीय सेना पर गोलीबारी की गई और जवाबी कार्रवाई में कुछ आतंकवादी मारे गए।

उन्होंने कहा, इलाके की घेराबंदी कर ली गई है और तलाशी अभियान जारी है। खून के निशान मिले हैं।

एक आईईडी और नार्को सहित कुछ हथियारों के साथ तीन आतंकवादियों को पकड़ा गया है। गोलीबारी में भारतीय सेना का एक जवान घायल हो गया और उसे अस्पताल पहुंचाया गया। सेना ने कहा कि तलाशी अभियान जारी है।

केंद्र ने एसपीजी डायरेक्टर अरुण कुमार सिन्हा का

# कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया

**नईदिल्ली,31मई 2023 (ए)।** प्रधानमंत्री की सुरक्षा में अहम जिम्मेदारी निभाने वाले एसपीजी डायरेक्टर अरुण कुमार आज रिटायरमेंट होने वाले थे। लेकिन उनके रिटायर होने से प्रधानमंत्री की सुरक्षागत कारणों से भारत सरकार ने एसपीजी डायरेक्टर अरुण कुमार सिन्हा का कार्यकाल 1 साल के लिये बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय के अधिकारियों अनुसार, हाल ही में कई राज्यों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक की घटनाएं सामने आई हैं। इसलिए अगले चुनावों तक प्रधानमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी इन्हीं के पास रहेगी।



अरुण सिन्हा केरल कैडर के अधिकारी हैं और आज (31 मई) उनकी सर्विस से रिटायरमेंट थी। एसपीजी इस समय सिर्फ़ प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात है। अरुण कुमार सिन्हा को अनुबंध के आधार पर दोबारा नियुक्त किया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति कमेटी ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है। इसमें कहा गया है कि अरुण कुमार सिन्हा को 31 मई, 2023 को उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख से एक साल के लिए एसपीजी के डायरेक्टर के रूप में दोबारा नियुक्ति को मंजूरी दी जाती है। इस दौरान उन्हें डीजी की रैंक और वेतन मिलेगा।

# ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका

» **श्रृंगार गौरी केस में याचिका खारिज**

**प्रयागराज,31मई 2023 (ए)।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद मामले में इलाहबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की मांग वाली याचिका को खारिज कर दी है। हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने वाराणसी जिला कोर्ट का 12 सितंबर का फैसला बरकरार रखा है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहस पूरी होने के बाद 23 दिसंबर 2022 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। बता दें कि अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने जिला जज वाराणसी के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। श्रृंगार गौरी केस में हिन्दू पक्ष की राखी सिंह व 9 अन्य द्वारा वाराणसी की अदालत में सिविल शूट दाखिल किया गया था। इस मुकदमे में अपनी आपत्ति खारिज होने के खिलाफ मस्जिद की इंतजामियां कमेटी ने अर्जी दाखिल की थी।



### वाराणसी जिला जज के फैसले को दी गई थी चुनौती

अर्जी में वाराणसी के जिला जज की अदालत से 12 सितंबर को आए फैसले को चुनौती दी थी। अदालत में वाद दाखिल करने वाली 5 महिलाओं समेत 10 लोगों को पक्षकार बनाया गया था। मुस्लिम पक्ष ने दलील दी थी कि 1991 के प्लेसिस आफ वरशिप एक्ट और 1995 के सेंट्रल वक्कफ एक्ट के तहत सिविल वाद पोषणीय नहीं है। जस्टिस जे जे मुनीर की सिंगल बेंच ने सुनाया फैसला।

# शवों से दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में लाने के लिए कानून में संशोधन करें

### कर्नाटक हाई कोर्ट ने केन्द्र से कहा

**बेंगलुरु,31मई 2023 (ए)।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने शवों से 'शारीरिक संबंध बनाने'को अपराध की श्रेणी में लाने और दंडित करने के वास्ते भारतीय दंड संहिता के संबंधित प्रावधानों में केन्द्र से संशोधन करने को कहा है. हाई कोर्ट ने ये अनुशंसा एक व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत बरी करते हुए कीं क्योंकि 'दुष्कर्म' के प्रावधानों में ऐसा कोई उपनियम नहीं है जिसके तहत शव के साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी को दोषी ठहराया जा सके. आरोपी ने एक महिला की हत्या कर दी थी और फिर उसके शव के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे. अदालत ने हालांकि भारतीय दंड संहिता की धारा 302के तहत उसे कठोर उम्रकैद की सजा सुनाई और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया.




न्यायमूर्ति बी वीरप्पा और न्यायमूर्ति वेंकटेश नाइक टी की पीठ ने 30 मई के अपने आदेश में कहा कि आरोपी ने शव के साथ शारीरिक संबंध बनाए. क्या यह भारतीय दंड संहिता की धारा 375 अथवा 377 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है? धारा 375 तथा 377 का सावधानीपूर्वक अध्ययन यह स्पष्ट करता है कि पार्थिव शरीर को मानव अथवा व्यक्ति नहीं माना जा सकता. पीठ ने आदेश में कहा, '' इसलिए भारतीय दंड संहिता की धारा 375 अथवा धारा 377 के प्रावधान लागू नहीं होंगे.....हाई कोर्ट ने ब्रिटेन और कनाडा सहित कई देशों का उदाहरण दिया जहां पार्थिव शरीर के साथ शारीरिक संबंध बनाना और शवों के साथ अपराध दंडनीय अपराध हैं और कहा कि ऐसे प्रावधान भारत में भी लाए जाएं.

अदालत ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि शवों के खिलाफ अपराध को रोकने के लिए छह महीने के भीतर सभी सरकारी और निजी अस्पतालों के मुर्दाघरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं. इसने मुर्दाघरों के ठीक से नियमन और कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने की भी सिफारिश की. हत्या और दुष्कर्म का यह मामला 25 जून 2015 का है और आरोपी तथा पीड़िता दोनों तुमकुर जिले के एक गांव से थे.

# अब मिलेंगे 6000 रुपये की जगह 12000 रुपये सालाना

### राज्य के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इसे मंजूरी दी गई

**मुंबई ,31मई 2023 (ए)।** महाराष्ट्र में शिंदे-फडणवीस सरकार ने केंद्र सरकार की पीएम-किसान योजना की तर्ज पर किसानों के लिए नई योजना शुरू की है। इस योजना को नमो शेतकरी महासंमान योजना का नाम दिया गया है। इस योजना के तहत, महाराष्ट्र सरकार राज्य में एक करोड़ से अधिक किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये देगी। राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की

**अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इसे मंजूरी दी गई।**

बैठक के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह राशि 6,000 रुपये के अतिरिक्त होगी जो किसानों को केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलेगी। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि इस योजना से राज्य के एक करोड़ से अधिक किसानों को लाभ होगा। खास बात यह है कि देवेंद्र फडणवीस राज्य के वित्त मंत्री भी हैं। यह घोषणा उन्होंने मार्च महीने में विधानसभा में पेश बजट 2023-24 में की थी।



### राज्य के किसानों को मिलेंगे 12000 रुपये

राज्य के किसानों को प्रति वर्ष कुल 12000 रुपये मिलेंगे।

# ग्राहकों को लगा बिजली बिल का बड़ा झटका

» **5 साल बाद कोयले को लेकर चिंताजनक खबर**

**नईदिल्ली,31मई 2023 (ए)।** बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर झटका लगने वाला है, बिजली के रेट बढ़ने वाले हैं। कोयले की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। कोल इंडिया लिमिटेड ने गैर-खाना पकाने वाले कोयले की कीमतों में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। कंपनी ने एक रिपोर्ट में कहा कि यह बढ़ोतरी 31 मई से लागू की जाएगी। पांच वर्षों में कोयले की कीमतों में यह पहली वृद्धि थी। पिछली बार 2018 में कोयले की कीमतों में बढ़ोतरी हुई थी।

कीमतों में बढ़ोतरी से कंपनी को चालू वित्त वर्ष में अपना राजस्व बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी कोल इंडिया की सभी सहायक कंपनियों पर लागू होगी। कोल इंडिया देश की सबसे बड़ी कोयला खनन कंपनी है। सीआईएल को वित्त वर्ष 2024 के शेष के लिए 2703 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद है।



कोल इंडिया लिमिटेड के बोर्ड की बैठक 30 मई को हुई थी। इस बैठक में नॉन कुकिंग कोयले के रेट बढ़ाने को मंजूरी दी गई थी। यह वृद्धि उच्च गुणवत्ता वाले कोयले की कीमत के कारण हुई है। बोर्ड ने हाई ग्रेड कोयले की मौजूदा कीमत जी2 से जी10 ग्रेड में 8 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। यह एनईसी विनियमित और गैर-विनियमित क्षेत्रों में ब्स् की सभी सहायक कंपनियों पर लागू है।

बुधवार को शुरुआती कारोबार में कोल इंडिया के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में शेयर 1.84 फीसदी या 4.50 रुपये की तेजी के साथ 239.85 रुपये पर कारोबार कर रहा था। शेयर का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 263.30 रुपये है। जबकि, 52 हफ्ते का निचला स्तर 174.60 रुपए है। कंपनी का मार्केट कैप 1,47,967.11 करोड़ रुपए है।

## संपादकीय

### टूटती सहमतियां, बंटती धारणाएं

प्रधानमंत्री ने 28 मई के दिन को गर्व का दिवस बताया, वहीं विपक्षी नेताओं ने इसका चित्रण लोकतंत्र के अभाव की पुष्टि करने वाले दिन के रूप में किया। कुछ टिप्पणियों में इन घटनाओं को लोक और तंत्र के पूरे संबंध विच्छेद का प्रतीक बताया गया।

नई दिल्ली रविवार को दो तरह की कहानियां का गवाह बना। एक तरफ भव्यता और कुछ बड़ा हासिल कर लेने के गर्व का नजारा था। तो वहीं सड़कों पर कभी पूरे देश के गर्व का कारण बने चेहरे पुलिस के डंडों के तले जमीन पर लेटे और फिर पुलिस की हिरासत में नजर आए। यौन शोषण की घटनाओं की प्रभावी जांच कराने की अंतरराष्ट्रीय ख्याति के इन पहलवानों की मांग के प्रति सवा महीने से जारी बेरहमी रविवार को उनके खिलाफ राजसत्ता की हिंसा में तब्दील हो गई। जब उन्हें नहीं बख्शा गया, तो उनके समर्थन में आए लोग राजसत्ता से किसी अलग प्रकार के व्यवहार की उम्मीद नहीं कर सकते थे। उधर जहां नए संसद भवन के उद्घाटन का जोश उमड़ रहा था, तभी उसका बहिष्कार करने वाले छोटे-बड़े 20 राजनीतिक दलों के दायरे में इस बात का अफसोस था कि नए भवन की निर्माण प्रक्रिया से उन्हें आरंभ से ही बाहर रखा गया। सरकार ने उन दलों से संवाद और परामर्श की औपचारिकता तक नहीं निभाई। तो जहां प्रधानमंत्री ने 28 मई के दिन को गर्व का दिवस बताया, वहीं विपक्षी नेताओं ने इसका चित्रण लोकतंत्र के अभाव की पुष्टि करने वाले दिन के रूप में किया।

कुछ टिप्पणियों में रविवार की घटनाओं को लोक और तंत्र के पूरे संबंध विच्छेद का प्रतीक बताया गया। अगर इसके साथ यह भी याद कर लिया जाए कि एक दिन पहले यानी शनिवार को हुई नीति आयोग की बैठक में विरोध जताने के लिए 11 राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए, तो ये सारा घटनाक्रम देश में संवाद और सहमतियों के बिखरने की गवाही देता है। यह अवश्य याद रखना चाहिए कि संवाद से अधिकतम सहमति हासिल करने की प्रक्रिया किसी राजनीतिक व्यवस्था के टिकाऊ होने की प्रथम शर्त होती है। ऐसा होने पर ही पूरी आबादी की निगाह में वह व्यवस्था वैध बनी रहती है। असंतोष और सिस्टम में अपने लिए जगह ना होने का भाव गहराता चला जाए, तो समाज में एक ऐसी दीर्घकालिक समस्या की जड़ पड़ जाती है, तो बेहद हानिकारक होती है। क्या हम उस मुकाम की तरफ जा रहे हैं?

# जाने कुश्ती महिला खिलाड़ियों की मन की बात

देश में एक लंबे समय से कुश्ती महिला खिलाड़ियों का मुद्दा गरमाया हुआ है। देश की गौरव महिला खिलाड़ी बीजेपी मंत्री ब्रिज भूषण शरण सिंह जोकि डब्ल्यूएफआई के चीफ हैं पर सेक्सुअल हरासमेंट, महिला यौन उत्पीड़न का आरोप लगा रही है । यह महिला खिलाड़ी उनके इस्तीफे तथा गिरफ्तारी की मांग कर रही हैं। हालांकि उनके इस आंदोलन को किसानों तथा अन्य महिला फेडरेशन का सहयोग प्राप्त हो रहा है परंतु सरकार की तरफ से कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। महिला कुश्ती खिलाड़ियों ने इसके खिलाफ आंदोलन की शुरुआत जनवरी 2023 से की । जब वह खुलकर सामने आई । वैसे तो सभी जानते हैं कि यह इस धरती की विडंबना है कि नारी को आज भी घर या घर से बाहर की दुनिया में बहुत सी परेशानियों देख तो का सामना करना पड़ता है, चाहे वह खेल की दुनिया हो या कोई और । सवाल यह उठता है कि जिस देश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा लगाया जा रहा है, जहां हर दिन महिला सशक्तिकरण की बात की जाती है । वहां अब तक इस मुद्दे को लेकर सरकार ने कोई कदम क्यों नहीं उठाया ? पुलिस





अधिकारियों द्वारा समय-समय पर आंदोलन की भागीदारी महिला कुश्ती खिलाड़ियों के साथ बदसलूकी के किस्से सामने आते रहे हैं । क्या जो देश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का दावा करता है वहां देश की बेटियों को किसी भी तरह अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन या आवाज उठाने का हक नहीं ? क्यों उनके आंदोलन को दबाने की कोशिश की जा रही है ? जब तक कोई आरोप साबित ना हो किसी को दोषी मानना सही नहीं परंतु देश के लिए खेलने वाली और गौरव प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के आरोपों को मद्दे रखते हुए उन आरोपों की जांच पड़ताल और सही जरूरी कार्यवाही करना सरकार का दायित्व है। इसके लिए यदि आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी को स्वयं महिला खिलाड़ियों से बातचीत करनी चाहिए । यदि वह आगे आ कर महिला खिलाड़ियों से उनकी मन की बात के बारे में बात करें तो यह एक प्रशंसनीय कदम होगा । महिला खिलाड़ियों द्वारा अपने देश के लिए जीते गए मेडल्स को गंगा में बहा देने की बात कहना देश के लिए शर्म की बात है । यह देश की महिला खिलाड़ियों की न्याय के प्रति निराशा को दर्शा रहा है । यदि देश की गौरव महिला कुश्ती खिलाड़ियों को न्याय नहीं मिला तो कल देश को अच्छे खिलाड़ी मिलना असंभव हो जाएगा । देश के गौरव और भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे पर कार्यवाही होना जल्द से जल्द आवश्यक है।

जय हिंद



**केशी गुप्ता**
द्वारका
दिल्ली

# जिम्मेदार कौन

कभी-कभी लगता है बेटियों को कोख में कत्ल कर देने वाले लोग सही कर रहे है। क्या जरूरत है बेटियों की? पाल-पोषकर बीस-बाईस साल की करो और कोई नराधम कहीं भी पकड़कर सरेआम मार ड़ालें, कत्ल कर दें क्या इसलिए बेटियों को जन्म देते है? देश में रोज़ कितनी लड़कियाँ वहशी मानसिकता की शिकार बनते जान गँवा रही है कौन जिम्मेदार है?

दोगले, नपुंसक और कायर समाज से एक सवाल पूछना है, कि और कितनी बेटियाँ आपकी मौन की धूनी में बलि चढ़ती रहेगी? क्यूँ आँखों के सामने कोई नराधम किसी बेटी को बेरहमी से मार रहा है, पिट रहा है, चाकू से वार कर रहा है और कत्ल कर रहा है फिर भी आपके कानों पर जूं तक नहीं रेंगती? खून नहीं खौलता? किसने हक दिया उस दरिंदे को किसी की जान लेने का? अराजकता अब सीमा लाँघकर रही है। न लोगों के पेट का पानी हिलता है, न पुलिस की नींद उड़ती है, न सरकार को कोई सरोकार है।

दिल्ली में शाहबाद डेयरी थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय लड़की की उसके प्रेमी ने चाकू मारकर हत्या कर दी, जिसकी पहचान 20 वर्षीय साहिल के रूप में हुई है। साहिल और साक्षी रिलेशनशिप में थे, लेकिन दोनों के बीच अनबन हो गई तो

सुना है कि साहिल ने साक्षी पर चाकू से 34 वार किए थे। कई दिनों से साक्षी ने उस लड़के से बात करना बंद कर दिया था। रविवार रात अचानक साहिल का लड़की से अचानक आमना-सामना हो जाने पर उसने चाकू निकाल बेरहमी से मारना शुरू कर दिया। विडियो में साफ़ दिखाई दे रहा है घटना के वक्त आसपास कई लोग मौजूद थे, कई राहदारी आते जाते नज़र आ रहे है पर किसीने भी उस बच्ची को बचाने की न जरूरत समझी, न कोशिश की। क्या उस लड़की की जगह उनमें से किसीकी अपनी बहन,





बेटी होती तब भी मौन खड़े तमाशबीन बने रहते? माना कि लड़के के हाथ में चाकू था! कोई एकल-दुकल हिम्मत नहीं करता पर, अगर वहाँ मौजूद सारे लोग मिलकर उस दरिंदे को पकड़ लेते तो शायद लड़की की जान बच जाती। कितना स्वार्थी हो गया है इंसान! कहाँ मेरे घर का मामला है, मैं क्यूँ किसी ओर के घर में लगी आग बुझाने में अपने हाथ जलाऊँ? यही मानसिकता वहशि दरिंदों को खुल्ली छूट दे रही है।

आए दिन ऐसी वारदातें होने लगी है, ऐसे दरिंदे जानते है समाज कायर है, सरेआम कुछ भी कर लो कोई बीच में नहीं आने वाला। अब तो शर्म आती है कि सच में हम कैसे कमज़ोर समाज का हिस्सा है? जहाँ बेटियाँ सुरक्षित नहीं। डर लग रहा है कि कल को हमारी बेटी के साथ अनर्थ हो रहा होगा तो कोई बचाने वाला नहीं। जागो सोने वालों थोड़ी हिम्मत, थोड़ा साहस जगा कर जहाँ कहीं ऐसी घटना दिखे विद्रोह करने के लिए आगे आओ। पाँच ऊँगलियाँ जुड़ती है तब मुट्ठी बन जाती है, एकजुट बनकर ऐसे वहशि लड़कों का न्याय वहीं पर कर दो। मानसिक तौर पर बीमार ऐसे गुनहगार किसी एक से नहीं डरता पर भीड़ देखकर पसीने छूट जाते है। ऐसा ही हाल रहा तो कल को घर में घुसकर आपकी, हमारी बेटी को उठा ले जाएँगे, मार ड़ालेंगे। कब तक कमज़ोर बनकर, स्वार्थी बनकर मौन का चोला पहने चुपचाप देखते रहेंगे। तन के भीतर खून की जगह पानी दौड़ रहा है क्या? जो बेटियों का दमन होता देख खौलता नहीं। बदलाव सब चाहते है पहल करना कोई नहीं चाहता। चलो हिम्मत के धागों को बुनकर विद्रोह की चद्दर बनाएँ, एकल का काम नहीं एकजुट होकर कारवाँ बनाएँ, तमाशबीन बनकर नतमस्तक न बनें, आवाज़ उठाने का यज्ञ जलाएँ।



**भावना ठाकर भावु**
बेंगलोर, कर्नाटक

## दीवारें बोलतीं

दौर ए तनहाईयों में कोई सहारा होता
दीवारें बोलती और ज़िक्र तुम्हारा होता
उदासियों का है आलम शबे तनहाई में
खुशी के लमहें सा कोई तो शरारा होता
ख़्वाब की तरह टूटने लगा है दिल अब तो
काश उम्मीद का कोई तो सितारा होता
ख़बर है अपने रहगुज़र में यूं अकेले हैं
किसी के साथ में चलने का इशारा होता
दिल की धडकन भी ऐसी ज़ख़्मी है
लबों पे फिर भी तबस्सुम का गुज़ारा होता
यादें भी थक के हो गई है गुमशुदा जैसी
तनहां तनहाईयों का यूं न नज़ारा होता



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

## आईना-गर

चलते चले गए सफ़र बाक़ी रहा
साएबां तो मिला, घर बाक़ी रहा
नज़र में रहना कोई और बात है
ये अलग बात असर बाक़ी रहा
तोड़े जिसने सारे आइने शहर के
कह दो उसे आईना-गर बाक़ी रहा
मिलेंगे फिर उनसे इसी जनम में
जान और जहान अगर बाकी रहा
झुकते चले गए थे सभी के ज़मीर
गीत मगर अपना सर बाक़ी रहा



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

## कल्पनाओं में तुम रहती हो

तुम ही तो हो जो मन में रहती हो
इक धारा सी बन कर बहती हो
मिल जाना चाहती हो समुंदर में
बहुत वियोग तुम सहती हो
चलती रहती हो अविरल
न निराश कभी न कोई थकान
पहुंचना है मंजिल तक मुझे
सभी खतरों से अनजान
हार नहीं कभी जीवन में मानी
करती हूं वही जो मन में हो ठानी
अस्तित्त्व को जब
कोई देता है चुनौती
करती हूं फिर मैं अपनी मनमानी
पंछी बन उड़ती रहूं नीले अम्बर में
स्वछंद घूमूं गगन में
न कोई मुझे रोके
छेड़छाड़ मुझको नहीं है भाती
बहती जाऊं मन्ज़िल की ओर
कोई न मुझे टोके



**रवींद्र कुमार शर्मा**
घुमारवीं
बिलासपुर
हिमाचलप्रदेश

## अक्सर...जिंदगी

अक्सर जिंदगी छीन लेती है उन
हौंसले के पंख।
जो उड़ना चाहते हैं
आसमान की उंचाई पर।
मापना चाहते हैं क्षितिज के पार
क्या पता हो कोई अनुपम संसार।
अक्सर जिंदगी
छीन लेती है उन पैरों को।
जो नाचना चाहते थे
जीवन की ताल पर।
थिरकते थे जिंदगी के
हर नये ख्याल पर।।
लेकिन टूट कर रह गये
अपनी ही ताल पर।
अक्सर जिंदगी
छीन लेती है उन सपनों को।
जो जिंदगी ने
खुलीं आंखों में सजायें।
लेकिन सपनों की
हकीकत के हिस्से सिर्फ,
इन्तज़ार के बंद दरवाज़े ही आयें।।
अक्सर जिंदगी
छीन लेती है उन अपनों को।
जो जिंदगी के हर
अहसास में हो समायें।
लेकिन जिंदगी की हर वजह में,
बजूद न बन पायें।
जिंदगी को मार दे
और मिटा भी न पायें।।
अक्सर जिंदगी
छीन लेती हैं प्यार को।
प्यार के हिस्सें में
सिर्फ भटकाव आयें।
जब मिला भी तो साथ रह न पायें।
नफरतों ने उम्र भर के रिश्ते निभायें।



**प्रीति शर्मा असीम**
नालागढ़,
हिमाचल प्रदेश

# दास्तान-ए-तवायफ

### नाच-गाना नहीं राष्ट्र के लिए गौरवगान कर चुकी वीरांगनाएं

हम अक्सर जाने-अंजाने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को तो याद करते रहते हैं, पर हमारे देशी की तवायफों ने आजादी की लड़ाई में जो योगदान दिया है, उसकी चर्चा हम कम ही करते हैं। तवायफें भी 1857 के विद्रोह से ले कर 1947 तक यानी देश के आजाद होने तक स्वतंत्रता की इस लड़ाई में जूझती रही हैं और कभी सीधे तो कभी लुकछिप कर अपना योगदान देती रही हैं। हैरानी की बात तो यह है कि स्वतंत्रता की इस लड़ाई के दौरान अपना योगदान देते समय इन तवायफों ने जासूसी भी की है। महिलाओं की टोली भी तैयार की है, खादी भी पहनी है और फंड इकट्ठा करने के लिए कोंसटर्स भी आयोजित किया है। यह बात अलग है कि तवायफों ने इतिहास के उस दौर में अपना जो योगदान दर्ज कराया था, तब एक समय कला के रूप में स्थापित हुआ उनका व्यवसाय मात्र देहव्यापार और घटिया मनोरंजन तक सीमित रह गया था। जिसके कारण न तो तवायफों को उनका वजूद मिल सका और न ही उनके योगदान को।



उत्तर भारत में तवायफ, दक्षिण भारत मे देवदासी अथवा बंगाल की ओर नायकन के रूप में जानी जाने वाली ये महिलाएं उन्नीसवीं सदी तक संस्कारी, उच्च कुल की और कला की जानकर के रूप में जानी जाती थीं। हमारे पास इस तरह के भी उदाहरण मौजूद हैं कि बड़े घरों के लड़कों को तवायफों के यहां कला या मैनरिज्म की तालीम के लिए भेजा जाता था। पर जैसे-जैसे उत्तर भारत में रियासतों का दबदबा घटने लगा और ईस्ट इंडिया कंपनी मजबूत होती गई, तब से ठुमरी, गजल, दादरा या कथक जैसी कलाओं में निपुण मानी जाने वाली ये महिलाएं नाचवाली के रूप में जानी-पहचानी जाने लगीं और इनका काम देहव्यापार तक सीमित रह गया। जबकि यह तो तवायफों के बारे में सहज पूर्वभूमिका हुई। हमारे पास तो अंग्रेजी और हिंदी में तवायफों का इतिहास, उनकी कला और उनके लुप्त होने की घटना को ले कर अत्यंत मजेदार पुस्तकें उपलब्ध हैं। इन्हीं पुस्तकों में स्वतंत्रता संग्राम में इनके योगदान के भी उदाहरण उपलब्ध हैं, जिसके बारे में जानकर हमारे मन में उन तवायफों के प्रति आदर तो पैदा ही होगा, भूतकाल में उनके साथ जो हुआ, यह जानकर तकलीफ भी होगी। हम जिस 1857 विद्रोह को आजादी की लड़ाई की शुरुआत को सरकारी डाक्यूमेंटेशन के रूप में स्वीकार करते हैं, उस समय लखनऊ की तवायफों ने ईस्ट इंडिया कंपनी की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए हनीट्रेप किया था, जहां ब्रिटिश ग्राहकों के साथ उन्होंने विशेष संबंध बना कर उनसे ईस्ट इंडिया कंपनी के मूव्स के बारे में जानकरी ले कर क्रांतिकारियों तक पहुंचाया था। ईस्ट इंडिया कंपनी जिन क्रांतिकारियों के पीछे पड़ी थी, उन क्रांतिकारियों को तवायफों ने महीनों तक अपने अड्डे पर संगीतकार या गायक के रूप में पनाह दी थी।

जिस समय महारानी लक्ष्मीबाई का अंग्रेजों से युद्ध हुआ था, उस समय तात्याटोपे और नाना साहब के साथ अजीजनबाई नाम की तवायफ ने कानपुर में गंगाजल को साक्षी मान कर प्रतिज्ञा ली थी कि अंग्रेजों की हुकूमत को वह जड़मूल से नष्ट कर देगी। कहा जाता है कि अजीजनबाई ने इसके लिए युवतियों की सेना बनाई थी। वे युवतियां पुरुषों के वेश में तलवार ले कर घोड़े पर सवार हो कर घूमती थीं और उत्तर भारत के युवकों को अंग्रेजों से लड़ने के लिए उकसाती थीं। इस अजीजनबाई पर तो पूरी एक वेब सीरीज बनाई जा सकती है, जिसके बारे में अंग्रेजों के गैजेटियर्स में खून की प्यासी राक्षसिन के रूप में लिखा गया है।

उसी दौरान धर्मनबीबी भी हुई थीं, जिन्होंने अंग्रेजों के सामने नृत्य करने से मना कर दिया था। यह तो ठीक, गर्भवती होने के बावजूद और दो जुड़वां बच्चे होने पर भी वह अंग्रेजों के सामने युद्ध के मैदान में उतरीं और अंग्रेजों को खूब छकाया था। इन दोनों महान महिलाओं के बारे में किताबों में तमाम जानकरी उपलब्ध है। इसके बाद गांधीयुग शुरू हुआ और भारत की जनचेतना अहिंसक आंदोलनों की ओर मुड़ी तो बनारस या कलकत्ता जैसे शहरों की तवायफों ने भी आजादी के इन आंदोलनों में हिस्सा लेना शुरू किया। ठीक सौ साल पहले गांधीजी की प्रेरणा से जब असहयोग की लड़ाई शुरू हुई, तब देश के पढ़े-लिखे लोगों के साथ बनारस की तवायफें भी असहयोग आंदोलन में कूद पड़ीं और हसीनाबाई नाम की तवायफ के नेतृत्व में तवायफ सभा की स्थापना की। इन तवायफों ने विदेशी गहनों का बहिष्कार कर लोहे की बेड़ियों को गहनों के रूप में धारण किया और खादी का जम कर प्रचार किया।

बनारस की एक दूसरी विद्याधरी नाम की तवायफ के बारे में जो जानकारी मिलती है, उसके अनुसार वह अपनी महफिलों में इस तरह के गाने गाती थीं, जिससे लोगों को मुक्ति संग्राम में जुड़ने की प्रेरणा मिले। कलकत्ता में जिसकी एक झलक पाने के लिए लोग बेचैन रहते थे, उस गौहरजान ने गांधीजी के लिए फंड इकट्ठा करने के लिए एक महफिल का आयोजन किया था। गौहरजान ने उस समय इस महफिल से चौबीस हजार रुपए इकट्ठा किए थे। पर गौहरजान की इच्छा थी कि गांधीजी इस महफिल में आएं। पर बापू तो स्वाद में भी अस्वाद के नियम का पालन करते थे। इसलिए गांधीजी गौहरजान की उस महफिल में नहीं गए थे। जिसकी वजह से गौहरजान ने इकट्ठा रकम से आधी रकम बारह हजार रुपए ही डोनेशन के रूप में दिए थे।इसके अलावा भी तमाम तवायफों ने सन् 1857 से 1947 तक तरह-तरह के योगदान दिए थे। इसे तो हम मात्र राजनीतिक योगदान कह सकते हैं। नृत्य और संगीत-कला के अनेक प्रकारों का जतन किया है और उसे जनसामान्य तक पहुंचाया है, जिसे हम सांस्कृतिक योगदान भी कह सकते हैं। परंतु काल मात्र मनुष्य को ही नहीं नष्ट करता, कभी-कभी पूरी संस्कृति को ही नष्ट कर देता है। इसलिए एक समय अपार आदर पाने वाली महिलाएं आज सब से ज्यादा अनादर का पर्याय बन गई हैं और आज भी जब किसी की देहव्यापार से बराबरी की जाती है तो लोकजीभ उसे तवायफ के रूप में परिचय कराती है। पर तवायफ कहते समय हमें यह याद रखना होगा कि इन महिलाओं ने संस्कृति जतन में और राजनीतिक विग्रह में कोई छोटा-मोटा योगदान नहीं दिया।



**वीरेंद्र बहादुर सिंह**
नोएडा उत्तरप्रदेश

# लगता है वर्तमान का वक्त भी,इतिहास दोहराएगा

सही कह रही हूं, मुझे तो लगता है वर्तमान भी इतिहास ही दोहराएगा। जानते हैं कैसे? मुझे क्यों ऐसे ख्याल आता है? क्योंकि यदि हम इतिहास के पन्नों को पलटाए तो हम पाएंगे कि इतिहास में हिंदू ही हिंदू के साथ में नहीं खड़े होते थे। किसी भी हिंदू के ऊपर हमला हो जाए तो, दूसरा हिंदू चुपचाप खामोश खड़ा देखता रहता था और एक हिंदू लड़ते-लड़ते आखिर मे थक जाता था जिससे वो हार मान कर अपने हथियार डाल घुटने टेक देता था विरोधियों के सामने या तो वह अपने प्राण ही त्याग देता था अंतिम सांसों तक लड़ते-लड़ते। क्यों कि उसका साथ किसी ने नहीं दिया खैर कब तलक लड़ता वो भी आखिर। चलिए अब हम आज के वर्तमान समय से मिलान करते हुए जरा इतिहास के पन्नों से मिलान करते हुए खंगालते हैं। जिसमें किस प्रकार इतिहास मे एक हिंदू राजा ने, दूसरे समुदाय के लोगों का विरोध करते-करते अपना बलिदान दे दियाऔर हिंदू समुदाय किस प्रकार मूकदर्शक बना हुआ केवल खबरों को सुनता रहा, दूसरे हिंदू भाई की मदद करने को नहीं आया। इतिहास में मोहम्मद गोरी से पृथ्वीराज जो कि एक हिंदू थे, उन्होंने अकेले युद्ध किया अपनी सेना के साथ आसपास के मुल्कों के राजा जिन्हें पता भी था कि हमारा हिंदू समुदाय दूसरे समुदाय के लोगों से लड़ रहा है हमारे हिंदूत्व के हक के लिए कोई भी आगे ना आया पृथ्वीराज चौहान की मदद करने के लिए। अपनी सेना को लेकर अकेले लड़ते-लड़ते पृथ्वीराज चौहान जी ने अपने प्राणों की आहुति दे शहादत प्राप्त की। इतिहास के पन्नों को पलट कर देखा तो अभी आपको पृथ्वी चौहान के इतिहास से रूबरू करवाया। ठीक उसी तरह यदि देखा जाए तो राजा अकबर के साथ में भी, महाराणा प्रताप जी भी अपने घोड़े चेतक के साथ में युद्ध के मैदान में ललकार ते हुए उतर गए थे और उस समय भी किसी भी हिंदू राजाओं ने मिलकर महाराणा प्रताप और उनकी सेना की मदद नहीं की। क्या उनके पास खबर नहीं गई होगी कि महाराणा प्रताप जी अकेले ही अकबर से युद्ध कर रहे हैं परंतु हिंदुओं में एकता की कमी होने के कारण ही आज हर राज्य में दूसरे कौम के लोग कब्जा जमा रहे हैं। अगर देखा जाए तो पहले एक विशेष राज्य में सर्वप्रथम मां दुर्गा देवी की पूजा को महत्व दिया जाता था ऐसा नहीं कि आज महत्व नहीं दिया जाता है आज भी उतना ही महत्व दिया जाता है परंतु उससे अधिक दूसरे त्यौहार पर अधिक महत्व दिया जा रहा है। यदि आज वर्तमान युग से इतिहास कि तुलना की जाए तो हमारे वर्तमान युग में हमारे जो पृथ्वीराज चौहान है या हमारे मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप जी के समान कोई है जो हिंदुत्व की रक्षा के लिए, सभी के समक्ष प्रस्तुत हुए हैं वह है हमारे मोदी जी। जो कि हमारे देश के प्रधानमंत्री भी कहलाते हैं। मोदी जी जो कि हिंदुत्व की रक्षा करने के लिए हिंदू संस्कृति, हिंदू धार्मिक स्थलों को बचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और उन प्रयासों में वह कामयाब भी हुए हैं और होएंगे भी पूर्णतः विश्वास भरे है मेरे शब्द। परंतु यह क्या जो इंसान देश के लिए हमारे हिंदू कोम के लिए निरंतर अथक प्रयास कर रहा है हिंदु समाज की धरोहर, संस्कृति को ऊपर लाने के लिए, उन्हीं के ही विरोधी दल निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। एक बात बताइए इतिहास में पृथ्वीराज चौहान जी महाराणा प्रताप जैसे शूरवीरों की मदद हिंदू राजाओं ने नहीं की और वह लड़ते-लड़ते अकेले ही शहीद हो गए तो हमारे मोदी जी आखिर अकेले कब तक लड़ेंगे जब तक उनकी सांसो हैं, तब तक? क्या हम हिंदू लोगों को यह दिखाई नहीं देता कि हमारे लिए ही, हमारी संस्कृति, हमारे धर्म की रक्षा के लिए, हमारे धार्मिक हिंदू मंदिरों के लिए ही मोदी जी निरंतर प्रयासरत हैं तो हम सभी हिंदू भाई बहनों को मिलकर क्या मोदी जी का साथ नहीं देना चाहिए या हमें भी सिर्फ मूकदर्शक बनकर सिर्फ दूर से तमाशाबीन बनकर तमाशा देखना चाहिए। विरोधी दल किस तरह उस इंसान का विरोध कर रहे हैं जो हिंदुत्व को जागृत करने के लिए काम कर रहे हैं क्या हमें बस यह देखते रहना चाहिए कि कब मोदी जी भी इतिहास की तरह हार जाते हैं अपने घुटने टेक देते हैं। नहीं हमें ऐसी सोच बिल्कुल नहीं रखनी है और ना ही हमें हमारे हिंदू समाज के लिए काम कर रहे हैं जो, हिंदू को ऊपर उठाने के लिए लड़ रहे हैं। उनका साथ देना चाहिए, ना कि चुपचाप बैठ कर विरोधियों का विरोध करते हुए तमाशा देखना चाहिए कि वह किस तरह वह देश के सच्चे भक्तों को गिराने के लिए हर तरह से प्रयास कर रहे हैं। यह तो मोदी जी हैं जो टिके हुए हैं। अगर कोई ओर होता तो वह तो कब के घुटने टेक चुका होता दूसरे समुदाय के लोगों के समक्ष और अंत में क्या होता वही इतिहास दोहराया जाता। तो उठो हिंदुत्व सेना के नौजवानों हमें साथ मिल कर देना है आदरणीय मोदी जी के कार्य का ना, कि हमें मोदी जी को अकेले छोड़ना चाहिए। उनका विरोध करने वालों का खंडन करें बहिष्कार करें। यहां लोग मेरी तुलना हो सकता है, कि मोदी भक्त के रूप में करें पर यहां पर मैं मोदी भक्त नहीं हूं। यहां मैं इतिहास से परिचय करवा रही हूं, याद दिलवा रही आप सभी को कि किस तरह इतिहास पुनः विरोधी दलों द्वारा दोहराया जा रहा है हमें इतिहास को दोहराने नहीं देना है बल्कि अपने हिंदुत्व की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाते हुए हमें आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का साथ देना है। जो हम हिंदूओं के लिए लड़ रहे। ना कि खुद के व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए। एकता का परिचय हम हिंदुओं को देना ही होगा। वरना एक दिन ऐसा ना हो जाए कि कभी हमारा मुल्क अंग्रेजों का गुलाम था, अब कहीं विभिन्न समुदायों के द्वारा कुचला ना जाए। जागृत होने की जरूरत है।





**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर
महाराष्ट्र

## नफरत की फसलें

फूलों के अहम को
शर्मसार किया जाए।
अब के इन काँटों से भी
प्यार किया जाए।
क्यूँ गम बेचे हम,
क्यूँ हम गम खरीदे,
क्यूँ आँसुओं का व्यापार किया जाए।
क्या जरूरी है कि
सब को दिखाये आँसू,
क्यूँ गम का यूँ इश्तेहार किया जाए।
कब तक पहरे बिठाये तमन्नाओं पे,
अब तो चाहत का इज़हार किया जाए।
बहुत उगा चुके हो,नफ़रत की फसलें,
कुछ मौहब्बत का कारोबार किया जाए।



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

## ना रुकूँगा मैं

तुम चाहे जितना ज़ोर आजमा लो
ना झुकूँगा मैं
राह में मेरे बाधा जो डालो फिर भी
ना रुकूँगा मैं
बहुत तपा हूं जला हूं
फिर मैं मैं बना हूं
तुम्हारी हर कोशिश को कर नाकाम
आगे बढ़ूंगा मैं
जब हम सफर है साथ मेरे,
लिए अपने हाथों में मेरा हाथ
हर मुश्किल को कर नाकाम,
जग जीत जाऊंगा मैं
रुकना मेरी फितरत नहीं,
बहता हूं अपनी ही धारा में
गर रोकोगे मुझे तुम, दिशा बदलेगी
पर बहता रहूंगा मैं
आगे चलता रहूंगा
अपनी धुन में मैं
अब ना रुकूंगा मैं
ईश्वर पर है विश्वास,
उनका है मुझ पर है हाथ
डर नहीं अब मुझको,
अटल है खुद पर विश्वास
सफल हो जाऊंगा मैं
अब ना रुकूंगा मैं
लेती है जिंदगी इम्तिहान
मुझको आजमाने के लिए
हर इम्तिहान में सफल हो,
खुद को बना रहा हूं मैं
अब ऐसा बन गया हूं कि-
ना रुकूंगा मैं..
जीत जाऊंगा मैं..



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# आज रायगढ़ में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का भव्य शुभारंभ

## पहले दिन शणमुख प्रिया,शरद शर्मा,दूसरे दिन बाबा हंसराज,लखबीर सिंह लक्खा,तीसरे दिन कुमार विश्वास और मैथिली ठाकुर देंगे प्रस्तुति,कंबोडिया और इंडोनेशिया के दल भी देंगे प्रस्तुति

- » राष्ट्रीय रामायण महोत्सव की तैयारियां पूरी,
- » अरण्य कांड की थीम पर सज रहा मंच
- » हर दिन हनुमान चालीसा का होगा सामूहिक पाठ
- » मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल होंगे शामिल
- » रायगढ़ जिले को मिलेगी 465 करोड़ रूपए की सौगात
- » धरमजयगढ़ एवं पुसौर में बने हमर लैब का होगा लोकार्पण
- » जिला ग्रन्थालय के उन्नयन कार्य का होगा लोकार्पण
- » जिला चिकित्सालय में धनवंतरी जेनेरिक दवा दुकान का शुभारंभ
- » मुख्यमंत्री युवा केंद्र, घरघोड़ा के उन्नयन कार्य होंगे लोकार्पित
- » जिला परिवहन कार्यालय भवन निर्माण का होगा भूमिपूजन

**रायपुर,31 मई 2023(ए)।** रायगढ़ के रामलीला मैदान में 01 से 03 जून तक राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का विराट आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल महोत्सव के शुभारंभ समारोह के लिए 01 जून को रायगढ़ पहुंचेंगे। वे यहां रामायण महोत्सव में शामिल होने के पूर्व कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री इस मौके पर रायगढ़ जिले को 465 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात देंगे, जिनमें 258 करोड़ 74 लाख 26 हजार रुपये की लागत वाले 59 विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास तथा 207 करोड़ 4 लाख 49 हजार रुपये की लागत से निर्मित 53 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।



मुख्यमंत्री श्री बघेल दूरस्थ अंचलों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से धरमजयगढ़ एवं पुसौर विकासखण्ड में 58 लाख रुपये से अधिक लागत के 2 हमर लैब का लोकार्पण करेंगे। जिला चिकित्सालय रायगढ़ में सस्ती दवा दुकान धन्वंतरी मेडिकल का भी शुभारंभ करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के मार्गदर्शन और उन्हें तैयारी के अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से घरघोड़ा स्थित मुख्यमंत्री युवा केन्द्र में सुविधाओं का विस्तार किया गया है, यहां के उन्नयन कार्यों का भी लोकार्पण भी मुख्यमंत्री करेंगे। रायगढ़ में संचालित जिला ग्रन्थालय का उन्नयन करते हुए हाईटेक बनाया गया है और छात्रों के लिए आवश्यक सुविधाएं बढ़ायी गयी है। इसका लोकार्पण भी मुख्यमंत्री के हाथों होगा।

इसी तरह अन्य लोकार्पण, भूमिपूजन एवं शिलान्यास के तहत निर्माण विभागों के 186 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से 62 कार्य शामिल है। जिसमें सड़कों, स्कूल भवन व अन्य भवनों के निर्माण और जीर्णोद्धार/उन्नयन कार्य शामिल है। नगर पालिक निगम रायगढ़ अंतर्गत 14 करोड़ 39 लाख 71 हजार रुपये की लागत के सड़क सुधार कार्य, वार्डों में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शामिल है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 38 करोड़ 24 लाख 70 हजार रुपये की लागत के कार्य शामिल है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत 107 करोड़ 68 लाख 20 हजार रूपये की लागत से 27 समूह नलजल, सोलर आधारित नलजल कार्य शामिल है। परिवहन विभाग अंतर्गत 95 लाख 95 हजार रुपये की लागत से जिला परिवहन कार्यालय का भूमिपूजन कार्य शामिल है। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अंतर्गत 4 करोड़ 58 लाख 63 हजार रुपये की लागत से 12 कार्य शामिल है। आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत 4 करोड़ 68 लाख 70 हजार रुपये की लागत से 3 जगहों पर 50 सीटर प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास तथा लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग अंतर्गत 108 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से 5 पुलों का निर्माण कार्य भी शामिल है।

### शुभारंभ कार्यक्रम की रूपरेखा

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव शुभारंभ के पहले दिन 1 जून को अपरान्ह 3 बजे से मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों का मंच पर आगमन होगा। तत्पश्चात दीप प्रज्जवल एवं राजगीत तथा स्थानीय कलाकारों एवं पंडित/पुरोहितों के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इस अवसर पर आमंत्रित विदेशी एवं अंतराज्यीय कलाकारों का मार्च पास्ट होगा। शाम 4.30 से 5 बजे तक कम्बोडिया विदेशी दल की प्रस्तुति होगी। शाम 5.15 से 7.30 बजे तक अंतर्राज्जीय रामायण मंडलियों के मध्य अरण्यकाण्ड पर आधारित प्रतियोगिता होगी जिसमें उत्तराखंड, कर्नाटक एवं छत्तीसगढ़ की टीमें भाग लेंगी। रात्रि 7.30 से 9 बजे तक राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार (इंडियन आइडल) सण्मुख प्रिया भजन संध्या की प्रस्तुति देंगी एवं रात्रि 9 से 10.30 बजे तक राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार (सारेगामा फेम) शरद शर्मा भजन संध्या की प्रस्तुति देंगे।

# बेरोजगारी भत्ता देने से ज्यादा खुशी तब होगी जब आपके हाथ में रोजगार होगा

- » मुख्यमंत्री ने बेरोजगारी भत्ता के द्वितीय किस्त की राशि का अंतरण हितग्राहियों के खातों में किया
- » बेरोजगारी भत्ता के द्वितीय किस्त मिलने पर अजय मानस ने सरकार के प्रति जताया आभार
- » पढ़ाई करने, किताब खरीदने, कोचिंग करने एवं परीक्षा शुल्क में मिलेगा सहयोग

**रायपुर,31 मई 2023(ए)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बेरोजगारी भत्ता योजना के एक लाख 5 हजार 395 हितग्राहियों के खाते में 32 करोड़ 35 लाख 25 हजार रूपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण किया। इन हितग्राहियों में 66 हजार 185 हितग्राहियों को अप्रैल में प्रथम किश्त की राशि जारी की गई थी उन्हें आज द्वितीय किश्त के रूप में 16 करोड़ 54 लाख 62 हजार 500 रूपए और 24 हजार से अधिक हितग्राहियों को जिन्होंने 30 अप्रैल 2023 तक आवेदन किया था, उन्हें माह अप्रैल और मई दोनों माह की बेरोजगारी भत्ते की किश्त के रूप में 12 करोड़ 75 हजार रूपए की राशि जारी की गई। इसी प्रकार 15 हजार 195 हितग्राहियों को जिन्होंने मई 2023 में आवेदन किया था उन्हें आज प्रथम किश्त की राशि के रूप में 3 करोड़ 79 लाख 87 हजार 500 रूपए की राशि जारी की गई। बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को अब तक प्रथम और द्वितीय किश्त के रूप में कुल 48 करोड़ 89 लाख 87 हजार 500 रूपए की राशि जारी की गई है।रायपुर के हितग्राही अजय मानस ने बेरोजगारी भत्ता के द्वितीय किस्त मिलने पर मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज हम बेरोजगार लोग वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री से जुड़े। मुख्यमंत्री महोदय ने जैसे ही रिमोट दबाया हमारे खाते में द्वितीय किस्त की राशि जारी होने की सूचना एस एम एस के माध्यम से हमे मिली। यह राज्य के बेरोजगारों के लिए खुशी की बात है और इस राशि से हमारी बहुत बड़ी सहायता होगी। बेरोजगारी भत्ते की प्राप्त राशि से हमें आगे पढ़ाई करने, नौकरी के लिए आवेदन करने, कोचिंग करने तथा किताब खरीदने एवं आने जाने में बहुत सहयोग मिलेगा।



अजय ने यह भी कहा कि हमारे राज्य में परीक्षा के लिए आवेदन निशुल्क है इसके लिए भी राज्य सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद। केंद्र की प्रतियोगी परीक्षाओं और दूसरे राज्यों की प्रतियोगिता परीक्षा में आवेदन करने पर हमें परीक्षा शुल्क लगता है इसके लिए भी बेरोजगारी भत्ता से प्राप्त राशि बहुत ही उपयोगी साबित होगा और हम लोग इस योजना का लाभ उठाकर अच्छे पदों पर कार्य कर राज्य का नाम रोशन करेंगे।

# बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता जरूरी : मुख्यमंत्री

**रायपुर,31 मई 2023(ए)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 01 जून को विश्व बाल सुरक्षा दिवस के अवसर पर सभी बच्चों के सुरक्षित, स्वस्थ और खुशहाल भविष्य की कामना की है। विश्व बाल सुरक्षा दिवस के अवसर पर जारी अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि बच्चों को स्वस्थ, सुपोषित और सुरक्षित जीवन देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बाल सुरक्षा दिवस ऐसा ही अवसर है, जब हम बच्चों के लिए अपनी जिम्मेदारियों और प्रतिबद्धता को फिर से दोहराते हैं। आज के नौनिहाल ही कल भविष्य गढ़ेंगे। बच्चों के साथ उनके बाल मन को समझते हुए संवेदनशीलता से व्यवहार करना चाहिए। बच्चों के अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता जरूरी हैं। श्री बघेल ने बच्चों को ढेर सारा प्यार देते हुए ईश्वर से अपनी कृपा बच्चों पर बनाए रखने की प्रार्थना की।



# 5 हजार पटवारी ही नहीं 35 लाख कृषक भी हड़ताल से हैं प्रभावित :अरुण साव

**रायपुर,31 मई 2023(ए)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव बुधवार को पटवारियों की हड़ताल को समर्थन देने नया रायपुर के धरनास्थल पर पहुँचे। उनके साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक शिवरतन शर्मा तथा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा भी थीं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि पिछले लगभग पखवाड़ेभर से अधिक का समय बीतने के बाद भी प्रदेश सरकार आंदोलनरत पटवारियों की न तो मांगें पूरी कर रही है और न ही उनसे चर्चा कर रही है। प्रदेश में राजस्व संबंधी कार्य प्रदेश सरकार की हठवादिता के कारण ठप्प पड़े हैं। प्रदेश सरकार को संवेदनशील होकर पटवारियों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। प्रदेशभर में आंदोलनरत 5 हजार पटवारी शासकीय मशीनरी के महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं और उनकी अनदेखी करना अन्यायपूर्ण है। श्री साव ने पटवारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए इस बात पर अफ़सोस जताया कि बजट में दो बार प्रावधान करने के बाद भी प्रदेश सरकार ने पटवारियों को स्टेशनरी भत्ता नहीं दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि कार्यसंपादन के लिए पटवारियों को आवश्यक सामग्री व संसाधन मुहैया कराना प्रदेश सरकार की ज़िम्मेदारी है। श्री साव ने कहा कि भाजपा पटवारियों की मांगों को हर मंच पर उठाएगी और जरूरी हुआ तो विधानसभा में भी आवाज उठाई जाएगी। पटवारियों को धरना की अनुमति रायपुर शहर में नहीं दिए जाने को निर्दयतापूर्ण निर्णय बताकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए श्री साव ने बाद में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि दो साल पहले पटवारियों को दिया गया आश्वासन भी सरकार ने पूरा नहीं किया है। पटवारियों की हड़ताल से खेती-किसानी के काम पर असर पड़ रहा है, लेकिन संवेदनहीन प्रदेश सरकार को न पटवारियों की फिक्र है और न ही परेशान हो रहे किसानों की फिक्र है। श्री साव ने कहा कि प्रदेश सरकार तुरंत पटवारियों की मांगों पर विचार करे, पटवारी संघ के पदाधिकारियों से चर्चा करे और उनकी न्यायसंगत मांगों को पूरा करे।



# रेप पीड़िता की मां को धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर,31 मई 2023(ए)।** पिछले कुछ दिनों पहले बिलासपुर जिले के रतनपुर में रेप पीड़िता की मां को गिरफ्तार कर लिया गया था। जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। दुष्कर्म पीड़िता की मां की जमानत के बाद पुलिस ने अब इस केस में सख्ती से कार्रवाई शुरू कर दी है। रतनपुर पुलिस ने रेप पीड़िता की मां को धमकाने को लेकर आरोपी के पिता और अन्य परिजनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 214 और 506 बी के तहत अपराध दर्ज किया है।




जानकारी के अनुसार अपहरण, रेप और पॉक्सो एक्ट के आरोपी आफताब के पिता फैज और उनके कुछ रिश्तेदार पीड़िता की मां को धमकी दे रहे थे कि रेप का केस वापस ले लो, बदले में 5 लाख रुपए ले लो अन्यथा जान से मार दिया जाएगा। इस संबंध में पीड़िता ने रतनपुर थाने में शिकायत की है और सबूत में कॉल रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध कराई है। सबूत मिलने पर स्क्संतोष सिंह के निर्देश पर रेप पीड़िता को केस वापस लेने के लिए पांच लाख रुपए का लालच देने और उसके बाद जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के पिता पर एफआईआर दर्ज किया गया है।

# ट्रेन में अब टीटीई कन्फर्म सीट के बदले नहीं मांग सकेंगे रकम

### बॉडी वार्न कैमरे रखेंगे नजर

**रायपुर,31 मई 2023(ए)।** ट्रेन में अब टीटीई ने यात्रियों के साथ बदसलूकी या फिर सीट दिलाने के नाम अवैध वसूली नहीं कर सकेंगे। अगर ऐसा करते भी हैं तो इसकी सूचना सीधे रेलवे के उच्च अधिकारियों तक पहुंच जाएगी। दरअसल टीटीई और यात्रियों की हर गतिविधियों को रिकॉर्ड करने के लिए बॉडी वार्न कैमरों की मदद ली जाएगी। रेल मंत्रालय ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। लगातार ट्रेनों में यात्रियों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार की घटनाओं के बाद रेलवे बोर्ड ने बड़ा एक्शन लिया है। टीटीई अपनी शर्ट में बाडी वार्न कैमरे लगाकर यात्रियों के टिकट की जांच करेंगे, जिसकी रिकॉर्डिंग अधिकारी भी देख सकेंगे। टीटीई को बॉडी वार्न कैमरा ड्यूटी के दौरान अनिवार्य रूप से लगाकर ही काम करना होगा। कैमरा टीटीई को दिए गए हेड हेल्ड टर्मिनल एचारवटी के इंटरनेट से जुड़ा होगा। शिकायत मिलने पर अधिकारी इंटरनेट के माध्यम से वीडियो देख सकेंगे और ऑडियो से आवाज भी सुन सकेंगे। इसके चलते टीटीई यात्रियों से (अवैध वसूली भी नहीं कर पाएंगे। आमतौर पर ट्रेन में टीटीई कभी यात्रियों को सीट देने तो कभी चलती ट्रेन में टिकट बनाने के नाम निर्धारित किराए से अधिक रकम वसूल लेते है। अब नई व्यवस्था से इस पर लगाम लगेगी। यात्रियों के शिकायत सहीं पाए जाने पर सीधे कार्रवाई होगी। डीआरएम संजीव कुमार ने बताया कि अभी कैमरे नहीं मिले हैं। जैसे ही मिलेंगे टीटीई को उपलब्ध करा दिए जाएंगे।



# पहुंचविहीन क्षेत्रों में अग्रिम खाद्यान्न भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश



-दुलारे अंसारी-

**कांकेर,31 मई 2023(ए)।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर समय-सीमा में निराकरण पत्रों की समीक्षा किया तथा शासन स्तर से प्राप्त पत्रों, जनचौपाल और ई-जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों को शीघ्र निराकृत करने अधिकारियों को निर्देश दिये। जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में बारिश के पूर्व खाद्यान्न का भंडारण करने, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता तथा नगरीय क्षेत्रों में बारिश के पहले नालियों की सफाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। जिला कार्यालय में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने तथा तहसीलों में स्थापित वर्षा मापी यंत्र को चालू हालत रखने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जिले के सभी शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी निर्वाचन आयोग के पोर्टल में एन्ट्री करने तथा उसका प्रमाण-निर्वाचन कार्यालय को प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों एवं उनके निराकरण की विस्तृत समीक्षा की गई तथा प्रकरणों के निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, डीएफओ पूर्व एवं पश्चिम भानुप्रतापपुर जाधव श्रीकृष्ण और शशिगानंदन सहित सभी जिला अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित थे

# प्रदेश में फर्जी जाति प्रमाण-पत्रों के बाद अब फर्जी दिव्यांगों पर नजर

- » जीडीपी ने विभागों को लिखा पत्र

**रायपुर,31 मई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में राज्य गठन से पहले ही फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिये सैकड़ों लोग नौकरी कर रहे हैं। इसी तरह फर्जी दिव्यांगता का प्रमाण पत्र जमा करके भी कई लोगों ने सरकारी नौकरी हासिल कर ली है। ऐसे ही लोगों के नाम उजागर हुए हैं, जिनके खिलाफ न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है।

### डे दर्जन लोगों के नाम शामिल

सामान्य प्रशासन विभाग ने अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, संभागायुक्तों, विभागाध्यक्षों, कलेक्टरों, सीईओ, जिला पंचायतों को पत्र लिखा है। जिसमें हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका के हवाले से कहा गया है कि पिटिशन में उल्लेखित 18 शासकीय सेवक, जिनके विरूद्ध आरोप है कि वे गलत / फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर शासकीय सेवा में कार्यरत हैं। संबंधितों के विभाग द्वारा दिव्यांगता की पुष्टि के लिए पुन~ मेडिकल बोर्ड से उनकी जांच कराई जाए। इसके लिए सचिव समाज कल्याण विभाग द्वारा इन 18 शासकीय सेवकों के मूल विभाग तथा आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र प्रेषित किया जाए।




### इन कर्मियों की होगी मेडिकल जांच

1 जनवरी 2019 के पश्चात् नियुक्त हुए समस्त शासकीय सेवक जो दिव्यांग प्रमाण-पत्र के आधार पर शासकीय सेवा में कार्यरत हैं, के शारीरिक परीक्षण उपरांत दिव्यांग प्रमाण-पत्रों की नियमानुसार मेडिकल बोर्ड से पुन~ जांच कराई जाये। प्रत्येक विभाग / कार्यालयों में कार्यरत शासकीय सेवक जिनके विरुद्ध गलत / फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर शासकीय सेवा प्राप्त किये जाने की शिकायत हुई है, के संबंध में नियमानुसार उनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र की जांच / सत्यापन कराया जाए।

जीडीपी द्वारा यह भी कहा गया है कि शासकीय सेवा में नियुक्ति के पूर्व संबंधित मेडिकल बोर्ड से दिव्यांग प्रमाण पत्र / यूडीआईडी कार्ड का परीक्षण / सत्यापन अनिवार्य होगा। नियुक्ति के समय दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 91 के अनुवर्तन में दिव्यांग कोटे के अभ्यर्थियों से घोषणा-पत्र (स्वयं) अनिवार्य रूप से लिया जाये। फर्जी /गलत दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर जो भी शासकीय सेवा में कार्यरत हैं, के दिव्यांग प्रमाण पत्र को मेडिकल बोर्ड द्वारा गलत करार दिये जाने पर उनकी बर्खास्तगी की प्रकिया के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की सहमति प्राप्त कर नोडल विभाग (समाज कल्याण विभाग) द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया जाये।

# जीआरपी एंटी क्राइम ने की बड़ी कार्रवाई

### 2 नग देशी कट्टा और 5 नग जिंदा कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर ,31 मई 2023 (ए)।**जीआरपी एंटी क्राइम टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। जहां 2 नग देशी कट्टा और 5 नग जिंदा कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है।जानकारी के अनुसार, जीआरपी ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7-8 से एक युवक को पकड़ा है। जिसके पास से 2 नग देशी कट्टा और 5 नग जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी मिथुन नायक यूपी का रहने वाला है। जो बैग में छिपाकर हथियार ले जा रहा था। जिसे चेकिंग के दौरान पकड़ा गया।



# जशपुर में हुए हादसे पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक,घायलों के बेहतर इलाज के दिए निर्देश

### ग्राम घाघरा और करदना के बीच छतौरी घाट में आटो रिक्शा के घाट से नीचे गिरने से 4 लोगों की मृत्यु, दो घायल

**रायपुर,31 मई 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर जिले के ग्राम घाघरा और करदना के बीच छतौरी घाट में हुए हादसे में 4 लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को मृतकों के परिजनों को हर संभव मदद और इस घटना में घायलों के बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। ग्राम घाघरा और करदना के बीच छतौरी घाट में शादी समारोह से वापस आ रहे ऑटो रिक्शा के घाट के नीचे गिरने से हुए हादसे में 4 लोगों की मृत्यु हुई है। दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया गया है।



CMYK









# निर्वाचित जनप्रतिनिधि जनता के द्वारा चुनकर आते हैं या अधिकारियों के रहमो करम पर होता है उनका निर्वाचन?

## आज अधिकारियों की पैरवी और उनका तबादला रुकवाने जनप्रतिनिधि नजर आ रहे हैं सक्रिय

### जिन अधिकारियों से जनता है त्रस्त उन्हीं का तबादला आखिर क्यों रुकवाना चाहते हैं जनप्रतिनिधि

- रवि सिंह-
कोरिया 31 मई 2023
(घटती-घटना)।

निर्वाचित जनप्रतिनिधि जनता के चुने हुए होते हैं ताकि जनता का प्रतिनिधित्व कर सकें और जनता को मिलने वाली सुविधा और जनता के लिए बैठे प्रशासनिक तंत्र उनके लिए अच्छे से काम करें, इसलिए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का होना हमारे लोकतंत्र की परंपरा है पर इस लोकतंत्र की परंपरा पर एक बहुत बड़ा सवाल खड़ा होता जा रहा है और वह सवाल यह है कि जहां पर जनप्रतिनिधियों को जनता कि व जनता के हितों की बात करनी चाहिए वहां पर वह प्रशासनिक तंत्र पर बैठे लोगों की पैरवी करते नजर आते हैं, अब इस पैरवी की वजह क्या है यह हमें बताने की जरूरत नहीं है पर इनकी पैरवी की वजह से इन्हें चुनने वाली जनता ही परेशान हो जाती है अब ऐसे में सवाल यह उत्पन्न होता है कि इन्हें प्रशासनिक तंत्र पर बैठे लोग चुनकर वापस कुर्सी पर लायेंगे या फिर लोकतंत्र के अनुसार जो जनता है वह इन्हें चुनकर लाएगी पर चुनने के बाद जनता ठगा हुआ महसूस करती है पर इससे जनप्रतिनिधियों को फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि उन्हें तो जनता से सिर्फ वोट मिल सकते हैं पर प्रशासनिक तंत्रों पर बैठे जिम्मेदारों से उन्हें नोट मिलते हैं, क्या यही वजह है कि उनकी पैरवी में निर्वाचित जनप्रतिनिधि ज्यादा मशगूल रहते हैं? अंतिम के 4 महीने में जनता को बेवकूफ बनाने के लिए फिर से लुभावने वादे व जनता का हितैशी बताते हुए जनता के पास उतनी ही बेशर्मी से फिर पहुंच जाते हैं कि उन्हें फिर से चुनकर दुबारा मौका दे दिया जाए। इस समय यह कोरिया जिले के लिए चलन का विषय बन चुका है पर ऐसे







दौर में दो नेताओं का नाम इस समय लोगों की जुबां पर लिया जा रहा है वह नेता है पूर्व वित्त मंत्री स्व. डॉक्टर रामचंद्र सिंह सिंहदेव व पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े इनके लिए लोगों का कहना है कि यह तो ऐसे नेता थे जिन्होंने सिर्फ लोगों के लिए काम किया और प्रशासनिक तरफदारी इनकी जिम्मेदारी नहीं थी, इनकी जिम्मेदारी खुद को चुनने वालों लोगों के प्रति काम कराने की हुआ करती थी यही वजह थी कि इन दोनों नेता में एक चीज सामान्य थी और वह था अपने जनता को महत्व देना ना कि प्रशासनिक तंत्रों में बैठे लोगों की पैरवी करना, यही इनके अंदर की खूबियां हैं जो इन्हें लोकप्रिय बनाती है और आज यही वजह है कि इनका नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज होकर आज के जनप्रतिनिधियों की तुलना में यह दोनों बेहतर माने जाते हैं।

### अधिकारियों कर्मचारियों की पैरवी ज्यादा नजर आई वर्तमान सरकार के कार्यकाल में

अविभजित कोरिया के विधानसभा में यदि वर्तमान सरकार के कार्यकाल की बात की जाए तो अधिकारियों और कर्मचारियों की पैरवी ज्यादा नजर आई,जनप्रतिनिधि जनता का हित त्याग कर अधिकारियों कर्मचारियों के हितों का ज्यादा ध्यान देते नजर आए और यह देखा गया की अधिकारियों की मनमानी चाहे जितनी भी अधिक रही हो जनता जितना भी परेशान रही हो अधिकारियों के प्रति जनप्रतिनिधियों का रुख जनता के विपरीत रहा और उन्हे बचाने जनप्रतिनिधि सक्रिय नजर आए।

### पूर्व वित्त मंत्री स्व.डॉ रामचंद्र सिंहदेव पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े के लिए रहे आदर्श

पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े पूर्व वित्त मंत्री स्वर्गीय डॉक्टर रामचंद्र सिंहदेव को अपना राजनीतिक आदर्श मानते हैं उन्होंने कहा कि शुरू से मैं उन्हीं की राजनीति से प्रेरित रहा और उन्हीं को देखकर ही आज तक इस मुकाम पर पहुंचा हूं, बीच-बीच में उनसे मुझे काफी मार्गदर्शन भी मिले और काफी कुछ सीखने को मिला, उनके जैसा नेता शायद मैं बन नहीं सका पर बनने का प्रयास जरूर किया, उनकी ईमानदारी इस क्षेत्र के लिए हमेशा ही सर्वोपरि रही है उनकी जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है, वह इस जिले या इस विधानसभा के ही नहीं पूरे प्रदेश व देश में एक अच्छे नेता में शुमार थे, जिन से मैं अपनी बराबरी तो नहीं कर सकता और ना कभी मैं उनकी बराबरी करूंगा हां यह बात सही है की अपने राजनीतिक सफर में उनके किए गए कामों पर हमेशा ही चर्चा करता हूं और प्रयास करता हूं कि उनकी तरह ही जनता की सेवा करता रहूं जैसा वह किया करते थे।

### मनमानी करने वाले अधिकारियों का तबादला रोकने जनप्रतिनिधियों ने लगाया एड़ी चोटी का जोर

जिले में यह भी देखा गया की जनता जिन अधिकारियों से लगातार त्रस्त रही जिनसे लोग परेशान रहे उनका तबादला रुकवाने जनप्रतिनिधि एड़ी चोटी का जोर लगाते नजर आए, एक तहसीलदार, एक जनपद सीईओ, थाना प्रभारी और एक मुख्य नगर पालिका अधिकारी जिनसे जनता बराबर परेशान हुई और जिनको लेकर कई बार शिकायत भी सामने आई उनके तबादले को रुकवाने जनप्रतिनिधि जिस कदर अपनी पूरी ताकत लगाते नजर आए उससे साबित हुआ की वह जनता के लिए



चुनकर आने की बजाए उन अधिकारियों के लिए चुनकर आए हैं जिन्हे वह बचाना चाह रहे हैं।

### स्व डॉक्टर रामचंद्र सिंहदेव और पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े जनसरोकारों से वास्ता रखने वाले जनप्रतिनिधि साबित हुए

कोरिया जिले की राजनीति में यदि जनसरोकारो से जुड़े जनप्रतिनिधियों की बात की जाए तो स्व डॉक्टर रामचंद्र सिंहदेव और पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े का नाम सभी के जुबान पर जरूर आ जाता है। यह दोनो ऐसे जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हुए जिन्होंने जनसरोकार को पहले महत्व दिया बाद में इन्होंने अन्य किसी को महत्व दिया। अपने पास पहुंचे फरियादियों से यह दोनों यदि किसी की शिकायत सुन भर पाते थे यह बिना किसी परवाह शिकायत जिसकी होती थी उसको फटकार लगाते थे और जरूरी होने पर ऐसे लोगों का तबादला भी कराते थे यह जनता से ऊपर किसी को नहीं मानते थे यही दोनो की खासियत थी।

### आज का समय व्यवस्था में बैठे उच्च पदस्थ लोगों का समय

वर्तमान में यदि राजनीति की बात की जाए तो यह बात समाने आयेगी की आज व्यवस्था में बैठे ऊंचे पदों पर आसीन लोगों का समय है और जनप्रतिनिधि भी केवल उन्हीं की सुनते हैं। आम जनता से जनसरोकार से जनप्रतिनिधियों का कोई वास्ता नहीं है और लाभ प्रदान करने वाले ही उनके लिए खास हैं यह लगातार देखा जा रहा है। अधिकारी कर्मचारी कितनी भी मनमानी क्यों न कर लें उन्हे रोकने टोकने में जनप्रतिनिधियों का कोई रुचि नहीं है और एक तरह से नौकरशाही हावी है।

### चुनाव नजदीक आते ही जनसरोकार की याद आने लगी,लोगों की समस्या नजर आने लगी

अब जब चुनाव नजदीक आ चुका है तो अब जनता की याद आने लगी है और जनसरोकार भी याद आने लगा है। पूरे कार्यकाल में अधिकारियों के साथ जुगलबंदी कर चलने वाले जनप्रतिनिधि अब जनता के बीच जा रहें हैं और उनकी समस्याएं जान रहें हैं। समस्याएं हल हों या न हों लेकिन उन्हें आश्वासन मिल रहा है और जनता भी अब तुलना कर रही है की कौन बेहतर होगा आने वाले समय के लिए। हमेशा जनसरोकार के साथ जुड़कर चलने वाला या चुनाव के समय करीब आने वाला। वैसे आजकल भोज की भी परंपरा बनाई जा रही है और जनता पर नमक का कर्ज चढ़ाया जा रहा है जिससे जनता चाहकर भी नमक का कर्ज न चुकाने की जुर्रत न करे और इसी तरह वह कर्ज तले दबे रहे।

# राम जी किसकी नैया पार लगाएंगे, कांग्रेस की या भारतीय जनता पार्टी की?



» राम जी तो सबके हैं पर अब राष्ट्रीय पार्टियां राम को राजनीतिक मुद्दा मान चुकी है

» छत्तीसगढ़ से लेकर देश में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनो राम के नाम के साथ चुनावी मैदान में होंगे आमने सामने

- रवि सिंह -
कोरिया,31 मई 2023
(घटती-घटना)।

देश में अभी तक भारतीय जनता पार्टी ही राम व हिंदुत्व की बात करते आ रही थी और इसी को लेकर सत्ता में आने के लिए लंबे समय से जद्दोजहद कर रही थी, लंबे इंतजार के बाद अचानक राम जी की कृपा पड़ी और देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई, पर सबसे आश्चर्य की बात यह थी कि राम जी पर कांग्रेस ने कभी भी राजनीति नहीं की पर अचानक बीजेपी को सत्ता से बाहर करने के लिए बीजेपी के मुद्दे को अपना मुद्दा मानकर चुनावी मैदान में उतरेगी, कांग्रेस में अब ऐसा लगने लगा है बीजेपी को सत्ता से बाहर करने के लिए राम जी का सहारा लेते देखी जा रही है, अब ऐसे में सवाल यह उठता है की राम जी भारतीय जनता पार्टी का बेड़ा पार करेंगे या फिर राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का? 2023 में नवंबर माह में एक साथ छः राज्यों में विधानसभा चुनाव होना है फिर 2024 में लोकसभा चुनाव होना है, छः राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, मेघालय व नागालैंड शामिल है, कुछ महीने ही विधानसभा चुनाव में बचे हैं और अब चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है और दोबारा सरकार बनाने के लिए पूरी तरीके से कांग्रेस प्रयासरत दिख रही है, इसी प्रयास में कांग्रेस ने बीजेपी के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए बीजेपी के ही मुद्दे को अपना मुद्दा बनाते हुए राम के नाम को इस्तेमाल कर रहे हैं, इस समय कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में राम के नाम को बड़ी प्राथमिकता दे रही है और राम के इतिहास को संजोकर राम के भक्तों के साथ राम के अनुयाई भी बताते हुए बीजेपी के लिए ही समस्या खड़ी कर दी है, अब बीजेपी जिस राम के नाम पर चुनाव लड़ती थी उस नाम पर अब दोनों मैदान में होंगे।

पहले जिस भाजपा पर कांग्रेस यह आरोप लगाया करती थी की मंदिर वहीं बनाएंगे और तारीख नहीं बताएंगे उस मामले में भाजपा ने तारीख तो मंदिर बनाने का बता दिया और मंदिर का अब अंतिम दौर पर निर्माण कार्य जारी है जो लोकसभा चुनाव के पूर्व तक पूरा हो जायेगा, लेकिन अब इसकी काट के तौर पर कांग्रेस छत्तीसगढ़ में राम के नाम का बड़े व्यापक तौर पर इस्तेमाल करती नजर आ रही है और कम से कम छत्तीसगढ़ में भाजपा कांग्रेस से रामभक्ति में पिछड़ती नजर आ रही है। राम वन गमन पथ विकास कार्य की बात हो या रामायण पाठ की छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार हर मामले में राम के मामले में आगे नजर आ रही है। राम कथा के लिए कुमार विश्वास जैसे वक्ता भी बुलाए गए हैं और कई प्रदेशों से रामायण के लिए कलाकार और मंडलियां आई हुई हैं जो रामायण का पाठ कर रही हैं। छत्तीसगढ़ सरकार राम के नाम पर भाजपा का एकाधिकार समाप्त करने पर जुटी हुई है।

# मिलावटी शराब भ्रष्टाचार के विरोध में भाजयुमो जिला कोरिया ने लगाया शराब दुकानों व चौक चौराहों में पोस्टर







» पीएससी रिजल्ट में कथित गड़बड़ी, जांच की मांग को लेकर भाजयुमो कोरिया ने पैदल मार्च निकालकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- रवि सिंह -
कोरिया, 31 मई 2023
(घटती-घटना)।

पीएससी रिजल्ट में कथित गड़बड़ी को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के निर्देश पर व भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में आज सैकड़ों की संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालकर बैकुंठपुर एसडीएम को जांच और कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान भाजपा उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, देवेन्द्र तिवारी, महामंत्री पंकज गुप्ता पटना मण्डल अध्यक्ष कपील जायसवाल कुड़ेली मण्डल अध्यक्ष धिरेन्द्र साहू, मंडल महा मंत्री सोनहत मनोज साहू, जनपद सदस्य राम चंद्र रजवाड़े, सोशल मिडिया लोक सभा प्रभारी, शारदा गुप्ता भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सच्चिदा नंद दुबे, कमलेश साहू, उमशकर बंटी राम प्रताप साहू, कमलेश रजवाड़े, महा मंत्री भाजयुमो प्रखर गुप्ता, कुनाल जयसवाल, भाजयुमो मंत्री तरुण पैकरा, साक्षी सिंह,अनिल राजवाड़े, भाजयुमो जिला पद अधिकारी सुजय जैन, दिनेश यादव, अविनिश सिंह गोलू, राजेश यादव, अशोक यादव, रौशन विश्वकर्मा शक्ति मान साहू अंकित जयसवाल,राम यादव, पारश रजवाड़े, राज कुमार रजवाड़े, लल्ला यादव अभय दुबे,मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, राम दुबे,अनिल राजवाड़े, राम चक्र धारी, प्रवेंद्र सिंह, आशीष यादव, रवि दुबे जानकारी देते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह ने बताया कि पीएससी में गड़बड़ी से छत्तीसगढ़ के युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, ये बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है।

दरअसल 2021 पीएससी का रिजल्ट इसी महीने 11 मई को जारी किया गया है. बीजेपी ने दावा किया है कि इसमें अधिकतर प्रशासनिक अधिकारियों, राजनेताओं और कारोबारियों के बच्चों को सलेक्शन हुआ है. रिजल्ट को लेकर बीजेपी नेताओं ने ये भी दावा किया है कि सीजी पीएससी के अध्यक्ष के द्वारा रिजल्ट में गड़बड़ी कर अपने रिश्तेदारों का चयन किया गया है। इस मामले में हितेश प्रताप सिंह ने कहा कि पीएससी की घोषित चयन सूची को लेकर प्रदेश के युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, पीएससी की चयन सूची को देखकर यह साफ हो गया है कि यह छत्तीसगढ़ की युवा प्रतिभाओं के साथ सीधे तौर पर धोखाधड़ी है, छल है, अन्याय है. प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति के साथ जो छल किया है, वह बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है.इसकी उच्च स्तरीय जांच के लिए हमने भाजपा के वरिष्ठ नेतागण व भाजयुमो कार्यकर्ताओं के साथ आज ज्ञापन सौंपा है और जांच की मांग की गई है।

शराब घोटाले मिलावटी शराब भ्रष्टाचार के विरोध मे भाजयुमो जिला कोरिया ने लगाया शराब दुकानों चौक चौराहों में पोस्टर प्रदेश की भूपेश सरकार मे लगभग 2000 करोड़ का शराब घोटाला हो या मिलावटी शराब बढ़ रहे भ्रष्टाचार को लेकर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह के नेतृत्व मे भाजयुमो के जिला के पदाधिकारियो द्वारा मण्डल स्तर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने एक साथ मिल के भूपेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया साथ ही चौक-चौराहो एवं अन्य दीवारों पर पोस्टर लगाए। पोस्टर लगाने से पहले सभी युवा मोर्चा के लोगों ने एक साथ हनुमान मंदिर में जाके सभी ने दर्शन किया इसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया, हितेश प्रताप ने युवा मोर्चा के लोगों के साथ चरचा, बैकुंठपुर, पटना इन जगहों के शराब दुकानों पर चौक चौराहों पर पोस्टर लगाए जम कर की नारे बाजी इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अरूण जयसवाल, जनपद सदस्य राम चंद्र रजवाड़े, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर बंटी, कमलेश साहू,सच्चिदानंद द्विवेदी, भाजयुमो जिला मंत्री तरुण पैकरा,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राम दुबे, आशीष यादव, प्रवेंद्र सिंह , भाजयुमो के संतोष सिंह, पंकज दुबे ,राजेश यादव , शरद सिंह छोटू ,चंदन राजवाड़े,मनु राजवाड़े ,रोशन विश्वकर्मा संदीप चिकंजुरी, सत्या रेडी, सुनील विश्वकर्मा, अनिकेत रजवाड़े, लकी महंत, तुलेश्वर रजवाड़े, सचिन मलिक, महमूद हसन, सुजैन जैन, तोषिफ ,संजय ,कुंडल साय, धर्मपाल, उपस्थित थे।

# भारतीय गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले कार्यभार बढ़ाने पर ध्यान दे रहे

**पोर्ट्समाउथ,31 मई 2023।** भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से द ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले गेंदबाजों पर काम का बोझ बढ़ाने पर ध्यान दे रही है जिन्होंने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था.

गेंदबाजी विभाग में, जबकि मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट और उमेश यादव इंग्लैंड की यात्रा करने वाले पहले बैच का हिस्सा थे, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की रवानगी में देरी हुई क्योंकि पिछले रविवार को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल हुआ था। लगातार बारिश के बाद रिजर्व डे में चले गए।

मध्यक्रम के मुख्य आधार विराट कोहली भी उन खिलाड़ियों में शामिल थे, जो राहुल द्रविड़ के नेतृत्व वाले कोचिंग स्टाफ के साथ पहले बैच में गए थे। कोहली सोमवार को चेतेश्वर पुजारा के साथ शिविर में शामिल हुए, जो ससेक्स के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेलने में व्यस्त होने के कारण इंग्लैंड में टीम से जुड़े थे।

भारतीय टीम के बड़े फाइनल से पहले ससेक्स के अरुंडेल कैसल क्रिकेट क्लब में कुछ अभ्यास सत्र होने की उम्मीद है।

अभी तक तैयारी अच्छी रही है। शुरुआती अभ्यास सत्र में आराम करना था लेकिन पिछले दो सत्र काफी खुश रहे - मुझे लगता है कि हमने उन्हें थोड़ा आगे बढ़ाया। गेंदबाजों के लिए बस थोड़ा काम का बोझ जोड़ना, उन्हें टेस्ट मैच के लिए तैयार करना, बीसीसीआई द्वारा जारी एक वीडियो में भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्म्ब्रे ने कहा।

(हम) परिस्थितियों से खुश हैं, मुझे लगता है कि यह एक प्यारा मैदान है, (यह) उस तरह का है जिसकी आप उम्मीद कर सकते हैं। मौसम रुक रहा है, धूप है, थोड़ी हवा चल रही है, थोड़ी सर्द है लेकिन इंग्लैंड में खेलते समय हमें इसकी आदत डालनी होगी।




भारत के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने कहा कि आईपीएल में फिटनेस ड्रिल के रनिंग हिस्से को कवर करने के बाद से फोकस कैचिंग पर होगा।

उन्होंने कहा, खिलाड़ी आईपीएल से आ रहे हैं इसलिए हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि काम का बोझ कितना है, उन्होंने कितना दौड़ा है, उन्होंने कितना ध्यान रखा है। हमने जो समझा और उससे निकला वह यह है कि (जैसे) ग्राउंड फील्डिंग को आईपीएल में कवर किया गया है, इसलिए यहां फोकस कैचिंग की मात्रा पर अधिक था, खासकर जब आप क्लोज-इन कैचिंग, स्लिप कैचिंग की बात कर रहे हों। और फ्लैट पकड़ता है। ये ऐसे कैच हैं जिनसे हम वॉल्यूम (की) बढ़ाते हैं, उन्होंने कहा।

म्हाम्ब्रे ने कहा कि गेंदबाजों को डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले कुछ दिनों में आराम मिलेगा, लेकिन समूह प्रशिक्षण सत्रों से अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे पास अब दो और सत्र हैं, हम निर्माण करना चाहते हैं, खासकर गेंदबाजों के साथ कुछ सत्रों में। टेस्ट मैच से एक दिन पहले, हम सभी के पास एक आसान विकल्प है, गेंदबाजों का विकल्प है कि वे आराम करें और शायद उससे एक या दो सत्र पहले। ÷यदि आप इसे देखते हैं, तो हमारे पास तीन गुणवत्ता सत्र हैं जिनमें हम उन्हें आगे बढ़ा सकते हैं और हमारे पास मौजूद प्रत्येक सत्र से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने का प्रयास कर सकते हैं, उन्होंने कहा।

भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कहा कि ध्यान सबसे लंबे प्रारूप के अनुकूल होने पर भी होगा। इन सभी ने काफी क्रिकेट खेली है। हमें जो भी समय मिल रहा है, यह एक अलग प्रारूप के अनुकूल होने के बारे में है, लाल गेंद से खेलने की आदत डालने और कुछ सत्र लेने और प्रारूप के अभ्यस्त होने के बारे में है, उन्होंने कहा।

## बृजभूषण शरण सिंह केस में आया नया मोड़

» दिल्ली पुलिस को देनी पड़ी सफाई,

» केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर का भी आया बयान

**नई दिल्ली,31 मई 2023।** भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एक दिन पहले हरिद्वार में बड़ा ड्रामा करने वाले पहलवान अब अपने आंदोलन की नयी रूपरेखा तैयार करने में जुट गये हैं तो दूसरी ओर आज उस खबर से हंगामा हो गया कि दिल्ली पुलिस को बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं। यह समाचार जैसे ही सामने आया तुरंत पुलिस हरकत में आई और एक बयान जारी किया। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने कहा है कि भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में जांच जारी है और दिल्ली पुलिस को पर्याप्त सबूत नहीं मिलने का दावा करने वाली खबरें ''गलत'' हैं। दिल्ली पुलिस ने ट्विटर पर कहा, ''कई टेलीविजन चैनलों पर यह खबर प्रसारित की जा रही है कि दिल्ली पुलिस को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज मामलों में पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं और इस संबंध में एक अंतिम रिपोर्ट संबद्ध अदालत में दाखिल की जानी बाकी है।'' दिल्ली पुलिस ने ट्वीट किया, ''यह स्पष्ट किया जाता है कि यह



खबर 'गलत' है और इस संवेदनशील मामले में पूरी संवेदनशीलता के साथ जांच जारी है।'' हम आपको बता दें कि बृजभूषण शरण सिंह पर एक नाबालिग समेत सात महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। दूसरी ओर, बृजभूषण शरण सिंह का कहना है कि यदि आरोप साबित हो जायें तो वह फांसी पर चढ़ने के लिए तैयार हैं। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि आंदोलनरत पहलवानों के पास कोई सबूत हैं तो वह उसे अदालत या पुलिस को क्यों नहीं देते। उन्होंने कहा कि मैंने कहा था कि अगर एक भी आरोप मेरे ऊपर साबित हो जाएगा तो मैं स्वयं फांसी पर लटक जाऊंगा। आज भी मैं उसी बात पर कायम हूं। उन्होंने कहा कि 4 महीने हो गए वो मेरी फांसी चाहते हैं लेकिन सरकार मुझे फांसी नहीं दे रही है तो वो (पहलवान) अपना मेडल लेकर गंगा में बहाने जा रहे हैं। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मुझ पर आरोप लगाने वालों गंगा में मेडल बहाने से बृज भूषण को फांसी नहीं मिलेगी। अगर तुम्हारे पास सबूत है तो न्यायलय को दो और न्यायालय मुझे फांसी देगा तो मुझे वो स्वीकार है। उधर, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदर्शनकारी पहलवानों से जांच पूरी होने देने की अपील करते हुए कहा है कि आपको सुप्रीम कोर्ट, पुलिस और खेल विभाग पर विश्वास तो करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम भी चाहते हैं कि खिलाड़ियों ने जो बात उठाई है, उसकी निष्पक्ष जांच हो और जांच के बाद उचित कार्रवाई हो।




## वर्ल्ड कप में भाग लेने लिए पीसीबीसे गारंटी लेगा आईसीसी

» एशिया कप विवाद के बीच पाकिस्तान के साथ हो रहा यह काम

**नई दिल्ली,31 मई 2023।** एशिया कप 2023 को लेकर पाकिस्तान के साथ लगाता तनातनी देखने को मिल रही है। पाकिस्तान के पास एशिया कप की मेजबानी है। हालांकि, भारत ने वहां का दौरा करने से इनकार कर दिया है। इसके बाद पाकिस्तान की ओर से हाइब्रिड प्रारूप भी पेश किया गया जिसे खारिज किया जा चुका है। अब पाकिस्तान की ओर से दावा किया जा रहा है कि अगर हमसे एशिया कप की मेजबानी ली गई तो हम भी भारत में होने वाले वर्ल्ड कप में शामिल नहीं होंगे। वर्ल्ड कप की मेजबनी भारत के पास था।

### आईसीसी के अधिकारी पाकिस्तान पहुंचे

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले और सीईओ ज्योफ एलार्डिस कथित तौर पर पाकिस्तान में हैं और बोर्ड से आश्वासन मांग रहे हैं कि वह भारत में विश्व कप के लिए अपनी टीम भेजेगा। एशिया कप 2023 के आयोजन स्थल को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच सहमति नहीं दिख रही है। आईसीसी के शीर्ष अधिकारी लाहौर में हैं और चाहते हैं कि पीसीबी भारत में ओडीआई विश्व कप के लिए हाइब्रिड मॉडल पर जोर न दे।

### पाकिस्तान ने दी थी यह धमकी

पीसीबी के प्रमुख नजम सेठी ने कहा कि अगर मेन इन ब्लू एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं जाता है तो टीम 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं आएगी। आईसीसी और विश्व कप के मेजबान, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) नजम सेठी द्वारा पेश किए जा रहे हाइब्रिड मॉडल से चिंतित हैं, जो पीसीबी की क्रिकेट प्रबंधन समिति के प्रमुख हैं। भारत और पाकिस्तान के मैच दर्शकों के लिए एक आशीर्वाद हैं क्योंकि दर्शक इन दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों को खेलते देखना पसंद करते हैं। इसके अलावा, चूंकि दोनों पड़ोसी देश द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेलते हैं, इसलिए उत्साह बढ़ जाता है।

## थाईलैंड ओपन बैडमिंटन में किरण ने शी यूकी को चौंकाया;साइना,अश्मिता भी जीतीं

**बैंकाक ,31 मई 2023।** भारत की किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए चीन की विश्व नंबर 9 शी यूकी पर सीधे गेम में शानदार जीत दर्ज की। अश्मिता चालिहा और साइना नेहवाल ने भी महिला एकल में अपने अभियान की विजयी शुरुआत की।




जिस दिन किदांबी श्रीकांत और बी साई प्रणीत जल्दी बाहर हो गए, ओडिशा ओपन विजेता किरण, प्रकाश पादुकोण अकादमी के एक उत्पाद, ने तीसरी वरीयता प्राप्त शि यू क्यूई पर 21-18 22-20 से जीत दर्ज की, जो 2018 विश्व चैंपियनशिप है रजत पदक विजेता। किरण का अगला मुकाबला चीन की वेंग होंग यांग से होगा।

अन्य मैचों में क्वालीफायर के जरिए आई अश्मिता ने हमवतन मालविका बंसोड़ को 17-21 14-21 से जबकि लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना ने कनाडा की वेन यू झांग को 21-13 21-7 से हराया। अश्मिता का सामना अब रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चौथी वरीयता प्राप्त कैरोलिना मारिन से होगा, जबकि साइना का चीन की हे बिंग जिओ से सामना होने की संभावना है।

## भारतीय टॉप सर्फर्स चौथे इंडियन ओपन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार

**मैंगलोर,31 मई 2023।** कर्नाटक के बंदरगाह शहर मैंगलोर का ससिहिथलू बीच इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के चौथे संस्करण के लिए भारत भर से 70 सर्फर्स की मेजबानी करने के लिए तैयार है। यह प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जाती है और इसकी मेजबानी मंत्रा सर्फ क्लब द्वारा की जा रही है। इस साल प्रतियोगिता कठिन होगी क्योंकि भारत के 10 सर्वश्रेष्ठ सर्फर्स में से शीर्ष सात तीन दिवसीय सर्फिंग चैंपियनशिप में भाग लेते नजर आएंगे। सतीश सरवनन, रूबन वी, श्रीकांत डी, सूर्या पी, संजयकुमार एस, मणिकंदन देसप्पन



और निथिश्वरुन टी जैसे कुछ शीर्ष नाम इसमें शामिल हैं। इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग भारतीय सर्फिंग सीजन की शुरूआत का प्रतीक है। वहीं कर्नाटक पर्यटन ने लगातार चौथे सत्र के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की है। श्रृष्टि सेल्वम, सिनचना डी गौड़ा (मैंगलोर सर्फ क्लब) और शुगर शांति बनारसे कुछ शीर्ष महिला सर्फर हैं, जो शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करती नजर आएंगी और उनसे अपने विरोधियों को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद है। इस संस्करण में किशोर कुमार (ग्रोम्स श्रेणी) भी शामिल होंगे, जो पहले से ही समुद्र में अपनी असाधारण क्षमताओं के साथ अपनी छाप छोड़ चुके हैं।

तीन दिवसीय सर्फिंग प्रतियोगिता में देश के शीर्ष 70 सर्फर चार श्रेणियों में भाग लेंगे; पुरुष ओपन, पुरुष ग्रोम्स (अंडर-16), महिला ओपन और महिला ग्रोम्स (अंडर-16)। इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग को अंतर्राष्ट्रीय सर्फिंग फेडरेशन - खेल के लिए वैश्विक शासी निकाय द्वारा भी मान्यता प्राप्त है। सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के वाईस प्रेसिडेंट एवं और मंत्रा सर्फ क्लब के पार्टनर, राम मोहन परांजपे ने कहा, हम इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के चौथे संस्करण के लिए पूरी तरह तैयार हैं और मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि इस आयोजन से शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धा और मनोरंजन देखने को प्राप्त होगा।

## 13 साल बाद कमबैक कर रहे फरदीन, विस्फोट में अपने किरदार से करेंगे हैरान

फरदीन खान फिल्म विस्फोट के जरिए बॉलीवुड में कमबैक कर रहे हैं। एक्टर का कहना है कि उन्होंने अपने करियर में कभी भी ऐसी भूमिका नहीं निभायी, जो वो विस्फोट में निभाते नजर आएंगे।

एक्टर ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी नई फोटो पोस्ट की थी, जो इंटरनेट पर




काफी वायरल हुई। आईफा अवार्डस 2023 के मौके पर मीडिया से बात करते हुए एक्टर ने अपनी अपकमिंग फिल्म के बारे में बात की।

फरदीन ने कहा: मैं विस्फोट को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मेरे अच्छे दोस्त संजय गुप्ता, जिनके साथ मैंने पहले काम किया है, फिल्म का निर्माण कर रहे हैं और कूकी गुलाटी, जिनके साथ मैंने पहले एक विज्ञापन के लिए शूटिंग की है, इसका निर्देशन कर रहे हैं।

फिल्म की कहानी फरदीन के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक पायलट के बेटे का अपहरण कर लेता है, जिसे रितेश देशमुख ने निभाया है।

फिल्म के बारे में जानकारी साझा करते हुए अभिनेता ने कहा, यह फिल्म वेनेजुएला की फिल्म रॉक पेपर सिजर्स का हिंदी रीमेक है। मैंने इससे पहले इस तरह की भूमिका करने का प्रयास नहीं किया है। यह 24 घंटे में बताई गई कहानी है, इसलिए यह एक तेज स्पीड वाली क्राइम थ्रिलर है। मैं इसके जल्द रिलीज होने का इंतजार कर रहा हूं।

फरदीन आखिरी बार 2010 में रिलीज हुई फिल्म दूल्हा मिल गया में नजर आए थे। एक्टर 13 साल बाद वापसी कर रहे हैं।



## एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने बिखेरा जलवा,स्माइल पर फैंस हुए फिदा

पंजाबी फिल्म जोगी में अपने अभिनय और खूबसूरती से फैंस को दीवाना बनाने वाली अमायरा दस्तूर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी बेताब करती हैं। हिंदी, तमिल, तेलुगू फिल्मों में अपना हाथ आजमा चुकी अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। ग्रीन कलर की थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर बेहद ही खूबसूरत और कातिलाना नजर आ रही हैं। अमायरा दस्तूर ने इस बोल्ड आउटफिट के साथ डायमंड ज्वैलरी कैरी कर रखी हैं, जिसमें उन्हें देखने वाले देखते ही रह गए। अमायरा दस्तूर ओपन हेयर स्टाइल में क्रेजीपन दिखाती नजर आ रही हैं। अमायरा दस्तूर अपने कातिलाना अंदाज से फैंस को घायल करना जानती हैं। उन्हें पता है कि फैंस का दिल कैसे जीता जाता है। एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर लाइट मेकअप में बेहद ही प्यारी लग रही हैं। साथ ही उनकी प्यारी मुस्कान इंटरनेट पर कहर बरपा रही हैं। एक्ट्रेस की इस तस्वीर पर धड़ाधड़ लाइक्स और कमेंट आ रहे हैं। साथ ही फैंस उनकी तस्वीर पर हार्ट और फायर इमोजी की बौछार कर रहे हैं। अमायरा दस्तूर ने फिल्म जोगी में कम्मो का किरदार निभाया है। इस फिल्म में वो दिलजीत दोसांझ के साथ एक गांव की लड़की के रूप में नजर आई थीं। अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी नई-नई फोटो वीडियो शेयर करती रहती हैं।




## गोधरा कांड पर बनी एक और फिल्म, गोधराःएक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी का टीजर जारी

साल 2002 में गुजरात के गोधरा कांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना की पृष्ठभूमि पर अब तक चांद बुझ गया, परजानिया, फिराक जैसी फिल्में और डाक्यूमेंट्री फिल्में बन चुकी है। अब 21 साल बाद इस घटना पर एक और फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम गोधराः एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी है। अब निर्माताओं ने गोधरा का टीजर जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। एक्सीडेंट ऑर कॉन्सपिरेसी गोधरा का निर्देशन एमके शिवाक्ष ने किया है, जबकि इस फिल्म का निर्माण बीजे पुरोहित और रामकुमार पाल द्वारा किया जा रहा है। यह फिल्म जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होगी। गोधराः एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी गोधरा कांड की जांच के लिए गठित नानावती-मेहता आयोग की रिपोर्ट पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म में दिखाया जाएगा कि गोधरा कांड की सच्चाई क्या थी और गोधरा में हुए ट्रेन अग्निकांड के पीछे की कहानी क्या है।

1 मिनट और 11 सेकेंड के इस टीजर में साबरमति एक्सप्रेस ट्रेन के साथ हुए हादसे को दिखाया गया है. फिल्म के टीजर में हम देखते हैं कि ट्रेन की बोगी में लगी इस आग में 59 लोगों की जान गई थी. इसके टीजर में हमें एक फाइल भी देखने को मिलती है, जिस पर नानावटी मेहता कमीशन 2008 लिखा है. फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने गोधराः एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी का टीजर ट्विटर पर शेयर करते हुए बताया कि इसे बी जे पुरोहित और राम कुमार पाल ने प्रोड्यूस किया है. हालांकि फिल्म की रिलीज डेट अभी अनाउंस नहीं किया गया है.




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)